

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



रांची, सोमवार, 9 जून 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-13 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 275 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ मोदी सरकार की उपलब्धियों के ग्यारह साल

रशमिका ने डिजनी की दुनिया में मारी शानदार एंट्री ◀◀ 6


धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने समाधि स्थल जाकर दी श्रद्धांजलि





- आदिवासी चेतना और सामाजिक न्याय के प्रतीक है भगवान बिरसाः राज्यपाल
- धरती आबा ने हमे असमानता और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना सिखाया : सीएम

**संवाददाता**

**रांचीः** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी। आदिवासी रीति रिवाज और परंपरा के अनुसार बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे।

इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेताओं ने समाधि स्थल पहुंचकर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर उन्हे श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धरती आबा ने छोटी उम्र में जो काम किया, वो आज भी हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने संघर्ष से हमें ये सिखाया कि असमानता और अन्याय के खिलाफ कैसे खड़ा हुआ जाए। सरकार उनके दिखाए रास्ते पर चलकर आदिवासी समाज के हक और अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस अवसर पर कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि आदिवासी चेतना और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और आदिवासी समाज को आत्मसम्मान की राह दिखाई।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि देश के जननायक है, झारखंड से स्वतंत्रता संग्राम के अलग उलगुलान की तैयारी हुई थी और यहीं से शुरूआत भी हुई,आज हम सब उन्हें नमन कर रहे हैं। समाधि स्थल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आदिवासियों के साथ इस राज्य में छल हो रहा है। एक बार फिर भगवान बिरसा मुंडा के तर्ज पर उलगुलान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जागो आदिवासी जागो मूलवासी।

बता दें कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था और 9 जून 1900 को अंग्रेजों की कैद में रांची जेल में उनका निधन हो गया था। उन्हें उलगुलानका नायक और धरती आबा के रूप में पूजा जाता है। उनकी पुण्यतिथि को झारखंड में शौर्य और बलिदान के प्रतीक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## अमेरिका में बिगड़े हालात, सेना ने संभाला मोर्चा, ट्रंप बोले- दंगाइयों को कुचल देंगे

**नई दिल्लीः** अमेरिका के दूसरे सबसे बडे शहर लॉस एजेंलिस में सड़कों पर उमड़ी भीड़ का उग्र प्रदर्शन, हाथ में मैक्सिकन झंडे, जबरदस्त तोड़फोड़ और आत्मस्वाह होती पुलिस की गाड़ियां। तस्वीरें बता रही हैं कि हालात गृह युद्ध जैसे हैं। लॉस एजेंलिस के डिटेंशन सेंटर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ धावा बोला। उसके बाद पिछले दो दिनों में हालात बद से बदतर ही हुए हैं। अब सेना और प्रदर्शनकारी आमने सामने हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। लोग गिरफ्तारी की नीतियों का विरोध कर रहे हैं। कई प्रदर्शनकारियों के हाथ में मैक्सिकन झंडे तक दिखाई पड़े। पुलिस और सेना के सामने ही प्रदर्शनकारी गाड़ियों को फूंक रहे हैं।

**ट्रंप ने कहा- दंगाइयों को कुचल दूंगा :** ट्रंप ने सोशल साइट 'टूथ सोशल' पर पोस्ट कर नैशनल गार्ड को बेहतरीन काम के लिए बधाई दी और कहा कि दंगाइयों को हम कुचल देंगे। ट्रंप ने अपने पोस्ट में मेयर कैरेन बैस और गवर्नर न्यूसम पर तंज कसते हुए कहा कि वे हालात नहीं संभाल पा रहे, ठीक वैसे ही जैसे जनवरी में लगी जानलेवा आग के दौरान हुआ था। नैशनल गार्ड को आमतौर पर स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर बेहद कठिन समय में बुलाया जाता है। गवर्नर न्यूसम ने ट्रंप के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह कदम जानबूझकर माहौल को और तनावपूर्ण बनाने वाला है।

**क्या है पूरा मामलाः** लॉस एंजिलिस में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था, प्रदर्शनकारी इसी का विरोध कर रहे थे। अधिकारियों के मुताविक, हर दिन करीब 1600 अवैध अप्रवासियों को पकड़ा जा रहा है। होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने दावा किया कि एक हजार प्रदर्शनकारियों ने सरकारी विल्डिंग को घेरकर आईसीई अधिकारियों पर हमला किया। हालात वेकाबू होने लगे तो ट्रंप ने नैशनल गार्ड्स को भेजने का आदेश दिया। ट्रंप ने कैलिफॉर्निया की स्टेट मिलिट्री का फेडरल कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया, ताकि सैनिकों को देश के दूसरे सबसे बड़े शहर में भेजा जा सके। इस कदम को गवर्नर गेवन न्यूसम ने जानबूझकर भड़काने वाला बताया और अमेरिकी मीडिया के मुताविक, इस तरह की कार्रवाई दशकों से नहीं हुई थी। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने कहा कि इस हफ्ते लॉस एंजिलिस में क्ऌए की कार्रवाई में 118 प्रवासियों को पकड़ा गया है,



## घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों को मारी गोली, मां-बेटी की मौत

**पटनाः** राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के अरफाबाद कॉलोनी सोमवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। आपसी विवाद में पति-पत्नी और बेटी को अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। इस घटना में पत्नी और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, एनएमसीएच की रिटायर्ड नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वहीं अपराधियों ने रिटायर्ड नर्स महालक्ष्मी के पति धनंजय मेहता को भी गोली मारी। घायल धनंजय मेहता का एनएमसीएच में चल रहा है इलाज। पूरे मामले की छानबीन में जुटी पुलिस, घटनास्थल से चार खोखा और एक चाकू बरामद। पटना में गोलियों की आवाज से दहशत फैल गई। पुलिस के अनुसार, मामला आमलगंज थाना क्षेत्र का है। अरफाबाद कॉलोनी में यह गोलीबारी हुई। पुलिस को अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि विवाद किस बात को लेकर था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है, और मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध अवस्था में महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

**कोडरमाः** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर में सोमवार सुबह एक 26 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतका की पहचान आयुषी चावला के रूप में हुई, जो जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। आयुषी तलाकशुदा थी और पिछले दो साल से अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड हर्ष सोनकर के साथ रह रही थी। हर्ष झुमरीतिलैया में फल व्यापारी है।

पुलिस के अनुसार, आयुषी का शव हर्ष के घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। हर्ष ने बताया कि वह सुबह छह बजे अपनी दुकान चला गया था। कुछ देर बाद आयुषी का फोन आया कि वह फांसी लगा रही है। हर्ष ने कमरे में पहुंचकर उसे नीचे उतारा,



लेकिन तब तक आयुषी की मौत हो चुकी थी। उसने तुरंत पुलिस और आयुषी के परिजनों को सूचना दी।

आयुषी की मां ने हर्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आयुषी खुश थी और उसकी दूसरी शादी की बात चल रही थी। आयुषी का एक छह साल का बेटा है, जो परसाबाद में अपनी दादी के साथ रहता था। आयुषी तलाक के बाद झुमरीतिलैया के अड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में कोऑर्डिनेटर के रूप में काम करती थी।

आयुषी की शादी 2018 में झुमरीतिलैया में हुई थी, लेकिन पांच साल बाद उनका तलाक हो गया। इसके बाद वह हर्ष के साथ रहने लगी। तिलैया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह आत्महत्या है या हत्या। हर्ष से भी पूछताछ जारी है।

### राजधानी में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**रांची :** जिले के विधानसभा थाना क्षेत्र के न्यासराय टुंढुल गांव में सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव पुल के नीचे पड़ा हुआ था, जिसे स्थानीय लोगों ने देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि व्यक्ति की मौत कैसे हुई। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस ने शव के आसपास के क्षेत्र की छानबीन की और सुराग तलाशने का प्रयास किया। फिलहाल, पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है ताकि मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

सुकमा में नक्सलियों का बड़ा हमला

## आईईडी ब्लास्ट में एएसपी शहीद, कई अधिकारी घायल



**संवाददाता**

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है। कोंटा क्षेत्र के फंडीगुड़ा के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर अफसर की गाड़ी को उड़ा दिया। इस हमले में कोंटा के एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। उन्हें गंभीर रूप से घायल हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस धमाके में थाना प्रभारी सोनल भी घायल हुए हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कोंटा से रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, एएसपी गिरिपुंजे और उनकी टीम डोंडा के जंगल में मौजूद चिकवार गुड़ा खदान में पोकलेन मशीन को आग लगाए जाने की घटना की जांच के लिए गए थे। यह खदान कोंटा से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां नक्सलियों ने रात को आगजनी की थी। इसी दौरान नक्सलियों ने इलाके में पहले से ही आईईडी बिछा दी थी, जिसे रविवार को विस्फोट कर सक्रिय किया गया।

इस हमले की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शोक जताते हुए कहा, एएसपी सुकमा आकाश राव गिरिपुंजे ने कोंटा-एराबोरा रोड पर डोंडा के पास हुए क्ए्ऊविस्फोट में घायल होने के बाद अपने प्राणों की आहुति दे दी। वे एक बहादुर अधिकारी थे और उन्हें कई वीरता पुरस्कार मिले थे। यह राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। सुकमा जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार बढ़ती आतंकी घटनाएं राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र पर सवाल खड़े कर रही हैं। यह हमला उन सुरक्षा बलों के हौसले को चुनौती देने वाला है जो हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर राज्य में शांति बहाली की कोशिश कर रहे हैं।

> **मिली जानकारी के अनुसार, एएसपी गिरिपुंजे और उनकी टीम डोंडा के जंगल में मौजूद चिकवार गुड़ा खदान में पोकलेन मशीन को आग लगाए जाने की घटना की जांच के लिए गए थे। यह खदान कोंटा से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां नक्सलियों ने रात को आगजनी की थी।**

मुंबई के ठाणे में बड़ा हादसा

## लोकल ट्रेन से गिरकर पांच यात्रियों की मौत, कई घायल



**मुंबईः** मुंबई के ठाणे में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां सोमवार सुबह लोकर ट्रेन से गिरकर पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा दीवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच हुआ है। शुरूआती जांत में 10 से 12 यात्रियों के गिरने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यह घटना ऐसे वक्त हुई, जब ज्यादातर लोग कामकाज के पहले दिन ऑफिस के लिए जा रहे थे। सुबह के वक्त मुंबई की लोकल ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिलती है। ट्रेन में भीड़ ज्यादा होने की वजह से यात्री गेट पर लटककर सफर कर रहे थे, तभी अचानक ये हादसा हो गया। सभी पीड़ितों की आयु 30-35 साल के बीच थी। इस हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को कलवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फिलहाल रेलवे प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचा है। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद से लोकल सेवा भी प्रभावित हुई है। पांच से ज्यादा लोग ट्रेन से गिरे थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई और बाकियों को इलाज के लिए ले जाया गया। हादसे को लेकर सेंट्रल रेलवे ने बताया कि ठाणे के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर सीएसएमटी की ओर जा रहे कुछ यात्री ट्रेन से गिर गए। दुर्घटना का कारण ट्रेन में अत्यधिक भीड़ माना जा रहा है। रेलवे प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

सेवा, सुशासन को समर्पित 11 साल

## मोदी सरकार 3.0 की सालगिरह पर बोले नड्डा, पीएम ने बदली राजनीतिक संस्कृति

**नई दिल्लीः** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीतिक संस्कृति बदली, उन्होंने सरकार को जवाबदेह बनाया। नड्डा ने कहा कि देश में 11 साल पहले, तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनी?तिक संस्कृति का तरीका बन गया था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेह सरकार आई है, जिसने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की। हम जो काम कर रहे हैं, उसे जनता के सामने रखें। नड्डा ने



साफ तौर पर कहा कि पिछले 11 साल में मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदला ?है। पिछले 11 वर्षों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं। देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया। लोकसभा में टर्नआउट 58.46 प्रतिशत रहा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 प्रतिशत रहा। ये बदलाव, मोदी सरकार की साहसिक निर्णय की वजह से आया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार जनता के नेतृत्व वाली सरकार है। पिछले कुछ सालों में हमने पारदर्शिता लाई है और एक दूरदर्शी, भविष्योन्मुखी प्रशासन बनाया है। इसीलिए हम विकसित भारत की बात करते हैं। यह अमृत काल है। पिछले 11 सालों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। 2014 से पहले पिछली सरकार भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरी हुई थी। लेकिन 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में यह भावना बदल गई। अब लोग गर्व से कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है । उन्होंने कहा कि पिछले दशक में हमने एसटी-एससी-ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। उसी तरीके से हमने महिला-नेतृत्व विकास को आगे बढ़ाया है। महिलाओं को पायलट बनाने से लेकर आर्मी में कमीशन देने तक, सैनिक स्कूलों में दाखिले से लेकर एनडीए में भर्ती तक, लखपति दीदी से लेकर एसएचजीएस को प्रमोट करने तक।।। मोदी सरकार में महिलाओं और एसटी-एससी-ओबीसी सभी को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। इनमें से कुछ उदाहरण हैं, हमने अनुच्छेद 370 को हटाया और तीन तलाक को खत्म किया। हमने नया वक्फ अधिनियम बनाया और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पारित किया। हमने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण भी सुनिश्चित किया।

न्यूज ब्रीफ



## इंदुमति टीबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में डिस्ट्रिक ताइक्वांडो समर कैंप

**चतरा:** इंदुमती टीबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय चतरा डिस्ट्रिक ताइक्वांडो समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। समर कैंप के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव संजय सिन्हा एवं प्रधानाध्यापक रमेश सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर चतरा जिला टेबल टेनिस संघ के महासचिव संजीत मिश्रा उपस्थित रहे। इस समर कैंप में क्रीड़ा भारती चतरा ने भरपूर सहयोग किया। क्रीड़ा भारती के जिला इकाई के अध्यक्ष बबलू गुप्ता उर्फ संदीप गुप्ता ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने में क्रीड़ा भारती की भूमिका अग्रिम रहेगी।

मुख्य प्रशिक्षक विकास कुमार केशरी के नेतृत्व में आयोजन हुआ।समर कैंप में ताइक्वांडो प्रशिक्षक सूरज कुमार, सुनीता कुमारी, देवानंद कुमार आदि ने खिलाड़ियों को खेल के नए नए गुर एवं दांव पेंच सिखाया।इस मौके पर सहयोगी जुगल कुमार,पीयूष कुमार आदि ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मंच संचालन राष्ट्रीय निर्णायक सूर्यप्रकाश सिन्हा ने किया।बताते चलें कि यह समर कैंप तीन दिवसीय होगा जिसमें ताइक्वांडो खेल की विस्तार से जानकारी एवं फाइट का गुर सिखाया जाएगा। साथ हीं साथ छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी को आत्मरक्षा सिखाओ के तर्ज पर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है । संघ के संरक्षक मुकेश साह ने सभी को शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास कुमार केशरी ने अभिभावको से आग्रह किया कि अपने बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अवश्य कराएं ताकि बेटियों में आत्मविश्वास बढ़े एवं वे निडर बनें।

## विकसित भारत, अमृत काल सेवा और गरीब कल्याण पर चर्चा



**चतरा:** भाजपा नगर मण्डल की बैठक रविवार को गौरक्षणी के प्रांगण में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति व संचालन नगर मंत्री अमित राम ने किया। जबकि मुख्य रूप से नगर मंडल प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा उपस्थित थे। बैठक मे विकसित भारत अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब - कल्याण के मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा के 11 साल के कार्यों की समीक्षा की गई और आगे के कार्यों की रणनीति बनाई गई। मंडल प्रभारी ने कहा कि भाजपा गरीब कल्याण और

सुशासन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजन कर केंद्र सरकार के 11 साल के कार्यों की उपलब्धी लोगों को बताई जाएगी। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर है। इसके साथ कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर आर्य, जिला मीडिया प्रभारी कालीचरण यादव, परशुराम शर्मा, प्रदीप रावत, भरत

यादव, अभिषेक केशरी, मनीष खंडेलवाल, राजकुमार वर्मा, शंकर सोनी, अजीत कुमार, प्रवीण कुमार, मंजीत राणा, अशोक केसरी, राजकुमार साहू, रोहित चौधरी, प्रवीण सोनी, जितेन्द्र पाण्डेय, गंगा देवी, संगीत देवी, चंदन सोनी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़



**चतरा:** पुलिस अधीक्षक समित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड बिहार की सीमा पर पुलिस ने शराब के लिए प्रतिबंधित बिहार राज्य में भेजी जानेवाली नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीते शनिवार की देर शाम हंटरगंज थाना क्षेत्र के कन्दावार गांव के नदी किनारे स्थित मन्टु साव के ईंट भट्ठा के पास से की है। पुलिस ने कार्रवाई में 940 बोतल नकली अंग्रेजी शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ तस्कर मंटू साव को भी गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी हंटरगंज थाना के पुलिस निरीक्षक पप्पू शर्मा ने दी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि मन्टु साव के ईंट भट्ठा के पास अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण एवं व्यापार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में नकली अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। ईंट भट्ठा स्थित एक कमरे से रॉयल स्टेज कम्पनी का 23 कार्टुन में 460 बोतल,इकोनिग व्हाइट

कम्पनी का 19 कार्टुन में 380 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व बी 7 कम्पनी का 03 कार्टुन में 60 बोतल, इंपीरियल ब्लू कम्पनी के 02 कार्टुन में 40 बोतल बरामद किया गया। कुल 940 बोतल बरामद किया गया।

प्रत्येक कार्टुन में 20-20 पीस अवैध अंग्रेजी शराब का बोतल भरा हुआ था। इसके अलावा चौदह (14) प्लास्टिक बोरा में तथा 12 (बारह) कार्टून में 375 एमएल का खाली बोतल,प्लास्टिक का खाली ड्राम 200 लीटर का 01 (एक) पीस,खाली प्लास्टिक जार ब्लू रंग का 50 लीटर का जिसमें 02 नल लगा हुआ। 35 लीटर का खाली प्लास्टिक डब्बा 03 (तीन) पीस,काला रंग का बोतल ढक्कन कुल 29 पीस जिसमें प्रत्येक ढक्कन पर प्रीमियम ब्लैक लिखा हुआ,21 पीस इक्विंग व्हाइट कम्पनी का उजला रंग का स्टीकर,35 लीटर का प्लास्टिक डब्बा में 10 लीटर स्पिरिट जैसा तरल पदार्थ बरामद किया गया है। इस संदर्भ में हंटरगंज थाना कांड सं0-103/25 दिनांक-07.06.2025 धारा-318(4)/274/275/3(5) बीएनएस एवं 47

# मंत्री ने शहर में 45 योजनाओं का किया शिलान्यास, सुधरेगी पेयजल व्यवस्था

संवाददाता

**गिरिडीह:** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने बीते रविवार को गिरिडीह शहर के विकास से जुड़े एवं शहरी जल समस्या के निदान के लिए कई योजनाओं का शिलान्यास किया। कुमार ने झंडा मैदान के समीप स्थित विवाह भवन में आयोजित कार्यक्रम में गिरिडीह शहरी विकास से जुड़े एवं शहरी जल समस्या के निदान के लिए सात करोड़ रुपए के लागत से बनने वाले 45 योजनाओं का शिलान्यास पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़ कर किया गया।



कुमार ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पेयजल आपूर्ति से होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग चयनित स्थानों पर नए प्लांट का स्थापना किया जाएगा, जिसे अलग अलग सेक्टर में बांटते हुए शहर में जलापूर्ति की जाएगी। इसे लेकर रूपरेखा तैयार कर लिया गया है और इसका टेंडर जारी कर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। मंत्री ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संवेदक जब तक पेयजल आपूर्ति योजनाओं को पूर्ण नहीं कर लेते हैं और जब तक नल से जल नहीं आ जाता है, तब तक उनका भुगतान नहीं करें। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। जनता को इसका लाभ मिले इसे आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि वर्तमान में शहरी विकास के लिए 45 योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है, जो कि शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन योजनाओं के निर्माण के बाद यहां के लोगों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

### बलबल नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी अपहरण कांड का उद्भेदन

## हथियार व नौ लाख नगद के साथ चार अंतरजिला अपराधी गिरफ्तार



संवाददाता

**चतरा:** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव स्थित बलबल नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगे अपहृत मुंशी धर्मेंद्र यादव को अपराधियों के चंगुल से चतरा पुलिस ने मुक्त करवाने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इस कांड में शामिल चार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से नौ लाख हजार सात सौ रु नगद और हथियार बरामद हुए हैं। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में रविवार की रात्री 8:30 बजे पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस अधीक्षक समित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बीते 31 मई को अपने आप को नक्सली बताकर कुछ हथियार बंद अपराधियों ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव में बलबल नदी पर जय अंबे इंफ्रा प्रा लि के पुल निर्माण साइट से मुंशी धर्मेंद्र यादव अपहरण कर लिया था। अपराधियों ने अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से पुल निर्माण साइट पर लगे सीसीटीवी के कैमरा का डीवीआर भी लुट लिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में साइट इंचार्ज बीरेंद्र सिंह के बयान पर थाना कांड संख्या 38/25 दिनांक 31/05/2025 दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम् खंडेलवाल के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए करमाली गिरोह के चार अंतर्राज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से नौ लाख हजार सात सौ रु नगद,लोडेड कारतूस के साथ एक देशी कट्टा,लुटा गया सीसीटीवी का डीवीआर,माउस एवं एडाप्टर,एक पिट्ठू बैग,अलग अलग कंपनी का आठ मोबाइल, तीन मोटरसाइकिल समेत अन्य खाद्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुख्य सरगना रमेश करमाली के खिलाफ चतरा,हजारीबाग,बोकारो और गिरिडीह जिला के विभिन्न थानों में 16 अपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अन्य अपराधियों पर भी मामला दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों में बोकारो जिला के चतरोचटी थाना क्षेत्र के हूरलूंग करमाली टोला के मुख्य सरगना रमेश करमाली उर्फ रामेश्वर कुमार उर्फ रमाकांत जी, बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र के नयाडीह टोला का दीपक कुमार यादव,बोकारो जिला के तेनुघाट घरवाटांड़ के राजन यादव उर्फ दिलीप यादव उर्फ टार्जन और हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कादिर नगर का सुभान अंसारी शामिल है।

एसआईटी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी : एसआईटी टीम में सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के अलावा प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा, पुलिस निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, सिमरिया पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम, पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलखो अशोक कुमार पांडेय, हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दशरथ महतो, कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, तकनीकी शाखा व कई जिला बल के जवान शामिल थे।

### उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी का किया औचक निरीक्षण

## बढ़ रहे कोरोना मरीजो को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी दुरुस्त करने का निर्देश



**चतरा:** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री ने इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जयसवाल से स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। विशेष रूप से उन्होंने रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक कक्ष, उपकरणों की क्रियाशीलता,ए.एन.एम की वर्तमान संख्या,स्वास्थ्य केंद्र के भवन की स्थिति,मेडिकल उपकरणों की स्थिति,एक्स रे मशीन की स्थिति आदि का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा प्रतिनियुक्त मानव बल का पूर्ण उपयोग हो तथा स्वास्थ्य केंद्र में रोस्टर ड्यूटी का सख्ती से पालन हो इसका खाश ख्याल रखें।उन्होंने रात के दौरान ड्यूटी को कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 मरीज भर्ती थे तथा प्रतिदिन की ओपीडी की संख्या की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यशैली की सराहना की आगे उन्होंने आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में और भी बेहतर ठोस पहल करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं कर्मी मरीजों के प्रति सहयोगपूर्ण, संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करें ताकि मरीजों की संतुष्टि और अस्पताल में उपस्थिति दोनों में और भी ज्यादा वृद्धि हो सके। साथ ही देश में बढ़ रहे कोरोना के मरीजो को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी दुरूस्त करने की भी बात कही और सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु आवश्यकताओं का प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे इलाज कराने आए मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज सेवाएं मिल सके। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जयसवाल, जिला खेल पदाधिकारी सह जन शिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## राहे प्रखण्ड स्तरीय जेएलकेएम बुद्धिजीवी वर्ग की बैठक संपन्न



**मुरी :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सिल्ली विधान सभा जमीनी स्तरीय संगठन मजबूती कार्य तेजी पर है। इसी क्रम में जेएलकेएम राहे प्रखण्ड स्तरीय बुद्धिजीवी मंच की बैठक हाई स्कूल सेवानिवृत शिक्षक ठाकुर दास महतो की अध्यक्षता में ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल सुभाष चौक राहे में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन झारखंड आंदोलनकारी अमजद अली ने किया। मुख अतिथि के रूप में केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो शामिल हुए। मौके पर विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत नौ पंचायत के सेवानिवृत और सेवारत कर्मी, झारखंड आंदोलनकारी शामिल हुए। संगठन मजबूती और कार्य तेजी पर विचार विमर्श किया गया। शामिल केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि झारखण्ड गठन हुए 25 साल बीत चुका लेकिन झारखंड में स्थानीय नीति, नियोजन नीति लागू नहीं हो पाया , झारखंड नीति अपंगता के शिकार हुए। राहे बुद्धिजीवी मोर्चा प्रभारी बिनोद महतो, राहे प्रखण्ड उप प्रमुख उमेश महतो, सुभाष मुंडा, जयराम पातर मुंडा नागेश्वर महतो, गदाधर महतो, रंजीत महतो, इत्यादि ने कार्यक्रम का संबोधन करते हुए जेक एल एम संगठन जमीनी स्तरीय मजबूती और कार्य प्रगति पर विचार रखते हुए अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय और थाना में हो रही भ्रष्टाचार और राज्यस्तरीय नीति कानून पर विचार रखें।साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# कौलेश्वरी मंदिर में मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी भीड





संवाददाता

- एसडीओ के निर्देश पर तालाब की सफाई जोरों पर
- कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति अलर्ट, श्रद्धालुओ की मूलभूत सुविधाएं को लेकर तत्पर

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध कौलेश्वरी पर्वत पर मां कौलेश्वरी मंदिर व तीन धर्मो का संगम स्थल में भारत के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों तक प्रसिद्ध है। सप्ताह में सातो दिन मां की पूजा-अर्चना की जाती है। रविवार को कौलेश्वरी पहाड़ पर मुंडन संस्कार को लेकरभारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कौलेश्वरी की तलहटी हटवारिया में सैकड़ों की संख्या में बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का काफिला दिखा। श्रद्धालुओ में झारखंड व बिहार के अलावा कुछ दूसरे प्रदेशों के भी थे। पूजा अर्चना के लिए मंदिर में लंबी कतार लगा रही। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु वहां से रवाना हुए। पूरे दिन माता कौलेश्वरी के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। ग्रीष्म मौसम का परवाह किए हजारों श्रद्धालु माता रानी के दरबार में मुंडन संस्कार व दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान कौलेश्वरी पर्वत पर स्थित तालाब में स्नान ध्यान के बाद मां कौलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किया और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया।कौलेश्वरी पर्वत पर आए श्रद्धालुओं को सुरक्षित पूजा अर्चना कराने को लेकर कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्य तत्पर थे। एसडीओ के निर्देश पर मन्दिर के परिसर तथा तालाब में विशेष अभियान चलाकर सफाई कार्य जोरों पर है स्वयं एसडीओ जहूर आलम इसका निगरानी कर रहे हैं।प्रधान पुजारी मिथलेश मिश्रा ने बताया कि मंदिर में मजदूरों के द्वारा प्रत्येक दिन साफ- सफाई कार्य किया जा रहा है। साथ ही मंदिर प्रांगण की भी साफ-सफाई कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य अलर्ट है श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको लेकर स्वयं एसडीओ और हंटरगंज सीओ निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे निर्देश दिए गए हैं कि कौलेश्वरी मंदिर परिसर के इर्द गिर्द में सहित तालाब की सफाई कराएं और नियमित चूने का छिड़काव करें।

# पुरुलिया रोड में गिरा पेड़, लगा जाम

मेट्रो रेज

**रांची:** पुरुलिया रोड में आज सुबह करीब आठ बजे एक विशालकाय पेड़ गिर गया। जिससे सर्जना चौक से डंगरा टोली चौक जाने वाला रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। पेड़ गिरने की वजह से वाहनों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं।

**पेड़ को हटाने का काम शुरू नहीं हुआ:** खबर लिखे जाने तक पेड़ को हटाने का काम शुरू नहीं हुआ है, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति और भी खराब हो सकती है।



**वाहनों की लंबी कतारें:** पेड़ नहीं हटाये जाने से दिन के 10 बजे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं

**ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही**

**मार्ग को डायवर्ट नहीं किया गया:** सर्जना चौक और मिशन चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान वाहनों के मार्ग को डायवर्ट नहीं कर रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को पता नहीं चल पा रहा है कि आगे रास्ता ब्लॉक है।

**जाम की स्थिति और खराब:** ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से जाम की स्थिति और भी खराब हो रही है और वाहन चालकों को परेशानी का

# पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव और उनके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

## सरमटोली फ्लाइओवर से जुड़ा हुआ है मामला

मेट्रो रेज

रांची: झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव और उनके कई समर्थकों को पुलिस ने सोमवार को हिरासत में ले लिया। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के मौके पर कोकर स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण करने पहुंची गीता श्री उरांव को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

दसअसल, गीता श्री उरांव और उनके समर्थकों ने सिरमटोली



फ्लाइओवर के रैंप को लेकर 30 मार्च को पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इस मामले में गीता श्री उरांव समेत 21 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ चुटिया थाने में मामला दर्ज किया था। कहा जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले को लेकर ही गीता श्री उरांव को हिरासत में लिया है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें हेरेंज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा, फुलचंद तिर्की, संगीता कच्छप, हर्षिता मुंडा, सन्नी हेमरोम, विजय उरांव, बाहा लिंडा, उर्मिला कच्छप, संदीप तिर्की, कलिका गाड़ी, सिमी मुंडा सहित 15 से 20 लोग शामिल हैं।

## बांग्ला भाषा के संरक्षण-संवर्द्धन का प्रयास सराहनीय: तुषार कांति शीट



**रांची:** शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता व श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने बांग्ला भाषा के प्रचार-प्रचार व नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने के आपनजन बंगाली संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा बांग्ला भाषा के संरक्षण-संवर्द्धन की दिशा में आप्पू की पाठशाला का आयोजन स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के मार्गदर्शन और उनके द्वारा संचालित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। श्री शीट ने कहा कि बांग्ला भाषा का प्रचार प्रचार करना और नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित आप्पू की पाठशाला की पहली वर्षगांठ उत्साह और उमंग से मनाई गई। संगठन के अध्यक्ष आरसी सरकार और सचिव जगत ज्योति राय सहित अन्य के इस प्रयास को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाना सराहनीय है।

## ताला मरांडी की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 11 जून को सुनवाई

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता ताला मरांडी की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 11 जून को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। सोमवार को हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या ताला मरांडी ने पुलिस द्वारा जारी धारा 41 के नोटिस का जवाब दिया है या नहीं। ताला मरांडी ने यह याचिका साहेबगंज जिले के बोरियो थाना में दर्ज एक पुराने मामले में दायर की है। मामला वर्ष 2021 का है, जिसकी प्राथमिकी कांड संख्या 61 है। इस केस में ताला मरांडी पर आरोप है कि उन्होंने हाजत से एक अभियुक्त को जबरन छुड़ाया था। ताला मरांडी की ओर से अधिवक्ता विकास कुमार ने अदालत में पक्ष रखा और अग्रिम जमानत की मांग की। अब अदालत इस पर अगली सुनवाई 11 जून को करेगी।

## आपनजन बंगाली संगठन ने किया आप्पू की पाठशाला की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन



**रांची/हटिया:** आपनजन बंगाली संगठन, (सिंहमोड़) रांची द्वारा संचालित आप्पू की पाठशाला का विशेष आयोजन किया गया। यह पाठशाला झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के मार्गदर्शन और संरक्षण में चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य बांग्ला भाषा का प्रचार-प्रसार करना और नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ना है। इस पाठशाला के लिए विशेष इसलिए भी रहा क्योंकि इसकी पहली वर्षगांठ पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आरसी सरकार और सचिव जगत ज्योति रॉय ने अपने विचार साझा किए और इस प्रयास को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। विदित हो कि आप्पू की पाठशाला हर रविवार को नियमित रूप से चलाई जाती है, जहां न सिर्फ बच्चों को बांग्ला पढ़ना और लिखना सिखाया जाता है, बल्कि उनके लिए निःशुल्क किताबें, कॉपियां, पेंसिल आदि शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह पहल पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इस प्रयास से आसपास के इलाके के बच्चे, युवा और यहां तक कि बुजुर्ग भी बड़ी रुचि से जुड़ रहे हैं। लोगों में बांग्ला भाषा सीखने के प्रति उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। पाठशाला में कार्यरत शिक्षिकाएं भी पूरी निष्ठा के साथ निःशुल्क सेवा दे रही हैं, जो इस कार्य को और अधिक प्रभावशाली बना रही हैं।

# रांची जिले के जूनियर- सब जूनियर बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन संपन्न

## रांची में बॉक्सिंग का क्रेज बढ़ा है: विनय सिन्हा दीपू

संवाददाता

**रांची:** 17वें राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगित नवमुंडी मे 13 से 15 जून को देखते हुए राँची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने जूनियर एवं सब जूनियर बालक बालिका का बॉक्सिंग चयन शिविर स्थानीय बॉक्सिंग हाल खेलगांव

परिसर राँची मे राँची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्ह दीपू एवं कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद के देखरेख मे रखा था।

जिसमे विभिन मान्यता प्राप्त बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विनय सिन्हा दीपू ने कहा रांची के खिलाड़ियों का प्रदर्शन हमेशा बेहतर होता जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा पदक रांची को आने की कामना करता हूँ.रांची में बॉक्सिंग का खेल पहले से ज्यादा बढ़ा है और अब स्कूलों से भी बच्चे आने लगे है।



**चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है –**

**जूनियर बालक मे–**

44 से 46 किग्रा में-अभिनव शर्मा
48 से 50 किग्रा में-सलमान अहमद
50 से 52 किग्रा में- अंकुश कुमार महतो
52 से 54 किग्रा में-अनीश निशान मिंज
54 से 57 किग्रा में- सोमलाल मुर्मू
57 से 60 किग्रा में-अभिजीत कु सिंह
60से 63 किग्रा में-अनिकेत उरांव
63 से 66 किग्रा में-अभय उरांव
66 से 70 किग्रा में-हर्ष रंजन
70 से 75 किग्रा में-बादल
+ 80 किग्रा में-आयुष कुमार

**जूनियर बालिका मे–**

44 से 46 किग्रा में-चंचल कुमारी
46 से 48 किग्रा में-साक्षी कुमारी
48 से 50 किग्रा में-निशा बेक
50 से 52 किग्रा में-जागृति कुमारी

**सब जूनियर बालक में –**

52 किग्रा में- आशीष उरांव

**सब जूनियर बालिका मे –**

37 किग्रा में- रिद्धिमा उरांव
43 किग्रा में- स्वस्तिका वर्मा
52 किग्रा में- श्रृष्टि थापा
61 किग्रा में- पलक कुमारी
64 किग्रा में-कनिष्का कुमारी गोराई।

कोच जूनियर बालक में बी बी मोहंती, जूनियर बालिका में राधिका कुमारी,सब जूनियर बालक और बालिका में कोच निशांत कुमार को बनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद, द्रोणा चारी अवॉर्डी बीबी मोहंती आर. जे बिमल आनंद नाग,सचिन कुमार, मनिंदर सिंह,सिंटू कुमार,निशांत सिंह,सोनू रजक,प्रमोद कुमार,कुमारी श्रीजन,नौशाद खान, कमल किशोर कच्छप,सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।



## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण 3000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 210वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद डूंगरमल अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल ने अपनी पोती सान्वी एवं मेहल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू चना सब्जी, जीरा राइस चिप्स,आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आज मंदिर में रांची के अलावे झारखंड के कई जिलों से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मंदिर का दर्शन किए। तथा श्रद्धालुगण भव्य आकर्षक एवं अनूठा मंदिर को देखकर मंत्र मुग्ध होकर उत्साहित हो रहे थे। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, अजय राय,मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार, सूरज कुमार, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शरारती तत्वों ने पुलिसकर्मी के साथ की मारपीट, गंभीर

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची में कुछ लड़कों ने पुलिस के साथ मारपीट की है। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल हुए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर चेकिंग कर रही पुलिस एक लड़के को पकड़ लेती है। इसी दरम्यान तीन-चार लड़के वहां आ जाते हैं और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते हैं। इतने में एक लड़का अपने हाथ से कड़ा खोलकर दनादन पुलिसवाले को मारने लगता है। फिर पुलिसकर्मी एक छड़ी से उसपर वार करते हुए खुद को बचाने की कोशिश करता है। इसी बीच दूसरा लड़का एक पुलिसकर्मी से उलझ जाता है और मारपीट करने लगता है। तभी अचानक एक लड़का जमीन से पत्थर उठाता है और एक पुलिसकर्मी पर पीछे से वार देता है। पत्थर पुलिसवाले के सिर पर पीछे से लगता है और वह जमीन पर गिरकर छटपटाने लगता है। तबतक बदमाश लड़के मौके से भाग निकलते हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक लड़का टेम्पू ड्राइवर बताया जा रहा है। पुलिस ने टेम्पू जब्त कर लिया है।






## धर्मेन्द्र महतो पुनः रांची जिला राजद के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**रांची:** राष्ट्रीय जनता दल के संगठनात्मक चुनाव के दौरान एक बार फिर धर्मेन्द्र महतो पुनः निर्विरोध रांची जिला राजद के अध्यक्ष चुन लिए गए। उक्त घोषणा रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजू साह ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उपस्थित कार्यकताओं के बीच की। चुनावी प्रक्रिया रविवार को प्रातः नौ बजे से आरंभ हुई। नामांकन दाखिल करने की समय-सीमा तक वर्तमान जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र महतो के अलावा संतोष प्रसाद ने भी अपना नामांकन दाखिल किया लेकिन नाम वापसी की समय-सीमा के पूर्व ही संतोष प्रसाद ने नाम वापसी की घोषणा की, जिसे निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वीकार करते हुए धर्मेन्द्र महतो के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती साह ने श्री महतो को जिला अध्यक्ष चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, संजय प्रसाद यादव, मंजू साह, धर्मेन्द्र महतो और राजद जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर मुख्य रूप से मदन यादव, मनोज पाण्डेय, शौकत अंसारी, भास्कर वर्मा, सुरेन्द्र प्रसाद, मनोज अग्रवाल, आबिद अली, प्रणव कुमार, सुनील ठाकुर, संतोष साहू, कमलेश यादव सहित जिला पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष और पदाधिकारी काफी संख्या में उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

**मैं शकुंतला देवी पति –रोहिदास मांझी,** ग्राम कुटरू, पोस्ट आफिस - छोटा मुरी, थाना - सिल्ली, जिला - रांची, झारखंड की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम शकुंतला देवी है जो मेरे वोटर आईडी संख्या एलकेएल 6111538 में दर्ज है, लेकिन मेरे आधार कार्ड संख्या - 714080820070 में गलत नाम कुसुमलता देवी दर्ज हो गया है। मैंने यह शपथ पत्र मेरे सभी दस्तावेजों में सही मेरा सही नाम शकुंतला देवी दर्ज हो इस उद्देश्य से कराया है।

**शपथ पत्र संख्या – 1028,**
**दिनांक – 19.05.2025**

# एक्वा वर्ल्ड में दिखी बंगाल की कला और संस्कृति की झलक

## आमी कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी,एक बार नाचो मा गीतों पर रही नृत्यों की धूम





मेट्रो रेज

रांचीः एक्वा वर्ल्ड, मछली घर द्वारा आयोजित कार्यक्रम बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम बंगाल के थीम पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत में बंगाली गानों के मैशअप पर नृत्य पेश किया गया। इसके अतिरिक्त दीपांजलि सहित विभिन्न ग्रुपों ने कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी,एक बार नाचो मा, आदि गीतों पर नृत्यों की शानदार पेशकश किया। बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पर रैंप वॉक भी किया।अतिथियों और निर्णायकों में विपुल नायक, सुरजीत घोष, पोंपा सेनगुप्ता, देवज्योति नाहा उपस्थित थे। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में पपिया, रितु,सौम्या, अनुष्का, कषिका, बुलबुली, संतोषी , रेशमा, अश्विनी, एंजेल लकड़ा, आरवी, कंचन, तनुश्री ,चंद्रा, पियूषा, भव्या, अकशिनी, आराध्या, निवा, तृषा, जानवी, शानविका, प्रमुख थे।

बंगाली संडे में बड़ी संख्या में बंगाल के पृष्ठभूमि से आए लोगों की भागीदारी रही। आज बंगाली व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था जहां माछेर झोल, शुक्तो , मिष्टी दोई, चोला डाल व्यंजन खाने वालों की भीड़ लगी रही।इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, आनंद, साहिल,आदि उपस्थित थे। अब समर हॉलीडे कार्यक्रम श्रृंखला समापन की ओर है।शनिवार ,14 जून डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले होगा और 15 जून को फादर्स डे के आयोजन के साथ समर हॉलीडे श्रृंखला की समाप्ति हो जाएगी।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## न्याय की साख

किसी भी लोकतंत्र में न्यायपालिका की साख निर्विवाद रूप से कायम रहनी चाहिए। कामकाज में पारदर्शिता व शुचिता नजर आना संवैधानिक संस्था के लिये अनिवार्य शर्त है। न्यायपालिका की जिन कवायदों को लेकर अंगुलियां उठ सकती हैं, उनको संबोधित करके मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने एक सराहनीय पहल की है। उनका सेवानिवृत्ति के बाद सरकार से कोई पद न लेने का संकल्प संस्थागत ईमानदारी व विश्वसनीयता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जाएगा। निस्संदेह, उनके और कई सहयोगियों द्वारा दशार्यी गई यह प्रतिबद्धता न्यायपालिका की विश्वसनीयता और इसे स्वतंत्र बनाये रखने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। सीजेआई गवई ने यही साबित करने का प्रयास किया है कि न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकारी पद लेना या चुनाव लड़ने के लिये इस्तीफा देना, संवेदनशील नैतिक चिंताएं पैदा करता है। यह भी कि ये प्रवृत्तियां सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करती हैं। निस्संदेह, हितों के टकराव या पक्षपात की कोई भी धारणा केवल विश्वास की कमी को ही बढ़ाती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इस मुद्दे पर सीजेआई का साहसिक रुख नैतिक नेतृत्व का एक नया मानक स्थापित करेगा-जिसका अक्षरशः और ईमानदारी की भावना से पालन किया जाएगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि न्यायपालिका के भीतर कदाचार के उदाहरण पूरी व्यवस्था के प्रति विश्वास को चोट पहुंचा सकते हैं। इस विश्वास को फिर से बनाने का रास्ता त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। इसमें दो राय नहीं कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़ा कैश-इन-रेजिडेंस का विवाद न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और विधायिका के लिये कसौटी पर परखने का मामला है। चर्चा है कि आगामी मानसून सत्र में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक विवादित पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है। वहीं कॉलेजियम प्रणाली की बढ़ती आलोचना के बीच सीजेआई गवई का यह कथन कि न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर कोई समाधान नहीं आना चाहिए, सही है।

हालांकि, न्यायाधीशों की नियुक्ति कैसे की जाती है, यह एक अनसुलझा विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। गाहे-बगाहे अदृश्य न्यायिक भ्रष्टाचार पर भी गंभीर चिंता जतायी जाती रही है। पिछले दिनों पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना का सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संपत्ति सार्वजनिक करने का कदम सराहनीय था। लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है। बड़े पैमाने पर लंबित मामलों के मूल में प्रणालीगत विसंगतियां होने की बात कही जाती है। लेकिन हकीकत यह भी है कि राजनीतिक नफे-नुकसान के समीकरणों को साधने के लिये सरकारों ने भी तमाम संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास भी किया है। इसके बावजूद संस्थाओं के भीतर से उभरते शुचिता के संकल्प जन विश्वास को मजबूती देते हैं। ऐसे में मुख्य न्यायाधीश की साफगोई और विसंगतियों को दूर करने का संकल्प न्यायिक व्यवस्था में जनता के भरोसे को बढ़ाने वाला ही कहा जाएगा। हाल के वर्षों में कुछ शीर्ष न्यायिक संस्थाओं के फैसलों के राजनीतिक निहितार्थ को लेकर सार्वजनिक विमर्श में चचाएं होती रही हैं। यही वजह है कि सेवामुक्ति के बाद लाभ के पद स्वीकारने और इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने के फैसले को नैतिकता की कसौटी पर कसा जाता रहा है। निर्विवाद रूप से किसी राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर तथा किसी प्रलोभन को ठुकराकर ही न्याय की साख को बनाया जा सकता है। तभी सही अर्थों में न्यायिक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया जा सकता है। निस्संदेह, न्याय की विश्वसनीयता के लिये न्यायाधीशों का व्यक्तिगत व्यवहार खास मायने रखता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता की निरंकुशता पर लगाम लगाने और संविधान की रक्षा करने का बड़ा दायित्व भी न्यायपालिका के जिम्मे है। देश में तमाम संस्थाओं और व्यवस्था से निराश व्यक्ति अंतिम आस के रूप में न्यायिक व्यवस्था की ओर देखता है। जनता को भरोसा रहता है कि सत्ता की मनमानी पर न्यायिक व्यवस्था ही नकेल कस सकती है। भले ही सत्ताधीश इसे न्यायिक सक्रियता का नाम क्यों न दें। ऐसे में जरूरी है कि हालिया घोषणाएं जमीनी हकीकत भी बनें। वहीं दूसरी ओर वीरवार को मुख्य न्यायाधीश ने तार्किक टिप्पणी की, कि यदि प्रौद्योगिकी को कमान सौंपी गई तो न्यायपालिका के प्रति विश्वास कमजोर होगा। उनका मानना है कि तकनीकी दौड़ में हमें मानवता को नहीं भूलना चाहिए।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों के ग्यारह साल

**नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबा कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है।**

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शुगन के रूप में ग्यारह रूपए की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और

**उमेश चतुर्वेदी**

नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं।

नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबा कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है। अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों। जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा।

मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है



कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकार में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरूआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र का कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। इससे पहले बीते एक दशक में अत्यधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे लोगों की दर 2011-12 में जहां 27.1 प्रतिशत रही, वह घट कर 5.3 फीसद रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां है। देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है।

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। इसी दौरान उत्तराखंड में चारधाम राजमार्ग परियोजना, हेमकुंड साहिब रोपवे और बौद्ध सर्किट विकास जैसी योजनाएं शुरू हुईं। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्रनिमार्ताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसे संस्थान बनाए गए। मोदी के कार्यकाल में ही देश की खोई धरोहरों की वापसी का अभियान तेज हुआ। 2013 से पहले विदेशों में चोरी से गई सिर्फ 13 प्राचीन वस्तुओं की ही वापसी हुई थी, जबकि 2014 के बाद से अब तक 642 प्राचीन वस्तुएं भारत लौटाई गई हैं, जिनमें से अकेले अमेरिका से 578 कलाकृतियां लौटी हैं।आयुर्वेद और योग की वैश्विक मान्यता भी मोदी सरकार की ही उपलब्धि कही जाएगी।

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए। मोदी के शासन काल में भारत ने ग्लोबल साउथ की अवधारणा को मजबूत करते हुए अफ्रीकी देशों से नए सिरे से संबंध बढ़ाए। रूस और यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी रोक-टोक के बावजूद भारत रूस से सस्ती दरों पर पेट्रोलियम तेल खरीदने में सफल रहा। उत्तर पूर्वी राज्यों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिशें इसी दौर में तेजी से बढ़ीं। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा।

मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरे

**विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं।**

दूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये

**ललित गर्ग**

एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।ह्ल थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और ह्वजी हुजूरह्ल करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो ह्वदुष्प्रचारह्ल ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो ह्वकीचड़ स्नानह्ल कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि ह्वहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।ह्ल उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

# राजस्थान के करनी माता मंदिर में चूहों की होती है पूजा, मंदिर में रहते हैं हजारों चूहे

राजस्थान के बीकानेर जिले में मौजूद करनी माता मंदिर में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह एक ऐसा मंदिर है, जो देशभ? के भक्तों को हैरान कर देता है। राजस्थान के बीकानेर जिले में देशनोक गांव में स्थित करनी माता मंदिर अपनी अनोखी चीजों के लिए फेमस है। इस मंदिर में और कुछ नहीं बल्कि हजारों की संख्या में चूहे मौजूद हैं। जोकि मंदिर में रहते हैं। ऐसे में इस मंदिर में आने वाले हर भक्त इन चूहों को देखकर हैरान रह जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि मंदिर में मौजूद इन चूहों से किसी को कोई दिक्कत या बीमारी नहीं होती है। वहीं मंदिर में चूहों का खाया प्रसाद भी खिलाया जाता है। साथ ही चूहों का स्पर्श किया पानी बीमार व्यक्तियों को पिलाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको करनी माता के मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

**करणी माता की मंदिर** : धार्मिक मान्यता के अनुसार, करनी माता को देवी दुर्गा का अवतार मानते हैं। वह एक लोकप्रिय महिला संत थीं, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में इस स्थान पर अपना जीवन बिताया था। वह अपनी चमत्कारी चीजों और शक्तियों के लिए फेमस थीं। कहा जाता है कि उन्होंने कई तक तपस्या और सेवा का जीवन भी जिया। यहां के स्थानीय लोगों के मुताबिक करनी मां के वंशज मृत्यु के बाद चूहों का रूप ले लेते हैं और मां के साथ मंदिर में निवास करते हैं। वहीं उनके निधन के बाद श्रद्धालुओं ने उनकी मूर्ति स्थापित की और वहां पर मंदिर बनवा दिया। आज भी देशभर के लोग मंदिर में माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। करनी माता मंदिर दुनिया में अपने आप अनोखा मंदिर है। इस मंदिर में हजारों की संख्या में चूहे रहते हैं और लोगों को इनका प्रसाद भी खिलाया जाता है। वहीं इनकी पूजा भी की जाती है। माना जाता है कि यह चूहे करनी माता के सौतेले बेटे और उनके वंशज का पुनर्जन्म है। जिनको मंदिर में 'काबा' कहते हैं। इनको यहां पर कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। मंदिर में सफेद चूहा दिख जाने पर उसको शुभ माना जाता है। माना जाता है कि सफेद चूहा दिखना माता रानी का खास आशीर्वाद होता है। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, मंदिर के चूहे यहां पर किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। यहां तक कि यदि मंदिर में कोई बीमार आता है, तो उस व्यक्ति को चूहों का छुआ पानी पिलाया जाता है। माना जाता है, मंदिर में कोई सामान्य चूहे नहीं हैं, बल्कि देवी मां का आशीर्वाद हैं। मंदिर में चूहों की संख्या हजारों में है, लेकिन इसका कोई आंकड़ा नहीं है। मंदिर में मां देवी को चढ़ाया जाने वाला भोजन चूहों को खिलाते हैं, या फिर उसी झूठे प्रसाद भक्तों को बांटा जाता है। वहीं श्रद्धालु भी इस प्रसाद का सेवन बड़ी भक्ति के साथ करते हैं।

**मंदिर का इतिहास** : करनी माता मंदिर के इतिहास के बारे में कोई सटीक प्रमाण नहीं है। लेकिन मंदिर को लेकर कई कहानियां प्रचलित हैं। जिसमें से एक कहानी यह है कि इस मंदिर को राजा जय सिंह ने बनवाया था। वहीं मंदिर का वर्तमान समय जो रूप है, इसका श्रेय महाराजा गंगा सिंह को जाता है। उन्होंने इस मंदिर का 15 से 20वीं सदी में इस मंदिर का निर्माण राजपूत शैली में करवाया था।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## देसी दो नाली बंदूक के साथ एक गिरफ्तार



**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के लोहंडा स्थित एक बंद पड़े क्रेशर के समीप जिरवाबाडी पुलिस ने छापेमारी करते हुए सोती चौकी खुटहरी निवासी मनेश्वर मंडल को देसी दो नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल किया। इस संबंध में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि एसपी अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि लोहंडा के समीप बंद क्रेशर के आसपास एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहंडा स्थित बंद पड़े क्रेशर के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक युवक को देसी दो नाली बंदूक के साथ घर दबोच लिया गया। पुलिस की पूछताछ के दौरान युवक अपना नाम मनेश्वर मंडल जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के सोती चौकी खुटहरी निवासी बताया। एसडीपीओ ने बताया कि मनेश्वर द्वारा पूछताछ में अन्य लोगों के बारे में भी संलिप्तता बताई है। जिसकी अग्रतार अनुसंधान की जा रही है एवं अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। छापेमारी के दौरान जिरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह,एसआई रोहित कुमार बिरसा उराव एएसआई मनोज शर्मा हवलदार रविंद्र ठाकुर आरक्षी धर्मवीर सिंह शामिल थे।

## जल जमाव का विधायक ने लिया जायजा



**साहिबगंज/उधवा :** बरसात से पूर्व राजमहल-उधवा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे होने वाले जल जमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने पहल की है। उन्होंने एनएचआई के पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो और सीओ जयंत तिवारी के साथ मिलकर फुलवरिया चौक से उधवा चौक के बीच जल जमाव वाले स्थलों का जायजा लिया।इस दौरान विधायक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हुई बारिश में उधवा चौक के आसपास जल जमा होने से कई घरों में पानी घुस गया था, जिससे लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, विधायक ने अधिकारियों को बरसात से पूर्व ही जल निकासी का स्थायी समाधान निकालने को कहा, ताकि भविष्य में लोगों का जनजीवन प्रभावित न हो।एनएचआई के अभियंताओं की टीम ने जल निकासी की व्यवस्था पर तकनीकी सुझाव भी दिए। जल जमाव के अलावा, विधायक ने मुख्य सड़क के किनारे विद्युतीकरण से जुड़ी समस्याओं पर भी विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे।

## विद्युत कर्मियों ने थैलीसीमिया पीड़ित ाच्चों के लिए ब्लड डोनेट किया



**साहिबगंज :** विद्युत विभाग के कर्मी जो दिन रात शहर में घूम घूमकर सेवा देते है। धूप छांव आंधी बारिश सब में सेवा देने के बाद एक सेवा जरूरतमंदों के लिए भी करते आ रहे है वो सेवा है रक्तदान देकर जीवन बचाने की सेवा। कल कुछ विद्युत कर्मियों ने थैलीसीमिया पीड़ित नन्हे बच्चों के लिए ब्लड डोनेट किया है। ब्लड डोनेट करने के बाद ये लोग अपना कार्य भी किए है। दिन भर भाग दौड़ भरा काम करने के बाद भी जब ये कर्मी ब्लड डोनेट कर सकते है तो कार्यालय में बैठकर कार्य करके खाते पीते रहने वाले कर्मी तो और ज्यादा ब्लड डोनेट कर ही सकते है। आगे आइए ओर जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए ब्लड डोनेट जैसे पुण्य का कार्य करके स्वास्थ्य तंदरुस्त रहिए।

## फंदे से लटक एक युवती ने की आत्महत्या

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौकी थाना अंतर्गत सीमड़ा पंचायत के सहारा पहाड़िया गांव के कुछ दूरी पर बिते रात पेड़ पर फंदा लगाकर कर एक युवती ने आत्महत्या करने की सूचना मिजाचौकी थाना पुलिस को मिली सूचना पाते ही पुलिस घटना स्थल पर पहूंच कर शव को अपने कब्जे में कर मिजाचौकी थाना लाया गया।रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया है। इस संबंध में मृतक का भाई मैंसा पहाड़िया ने बताया कि शनिवार को कै मंडरो हाट हम सभी भाई-बहन गये थे।वहां उसकी बहन सलौमी पहाड़िन वहां खाया पिया ,मैसा ने अपने बहन को कहा कि घर चलो तब उसकी बहन बोली तुम लोग चलो हम कुछ देर में आते हैं। संध्या होने पर मंडरो का टेम्पू चालक ने फोन पर कहा तुम्हारी बहन घर पहुंची है।तब हम लोग खोजने के लिए निकले तो गांव के कुछ दूरी पर पेड़ से लटका पाया वहीं मेरे पिता नथू पहाड़िया उसकी मां रमी पहाड़िन शव को गांव लाया गया।फिर पुलिस की सूचना दी गई।इस संबंध में मैसा से कहा कि मंडरो के टेम्पू वाला से प्यार करती थी।उसकी बहन दिल्ली पंजाब जाकर काम करती थी तीन, छ,माह पर घर लौटती थी।इधर थाना पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर छान बीन में जुटी हुई है वहीं मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है।

## जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप का उद्घाटन आज

**दुमका :** 9 से 12 जून2025 तक होने वाले बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन सोमवार शाम 5:00 बजे इनडोर स्टेडियम दुमका में जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के द्वारा किया जायेगा ' उद्घाटन समारोह में सभी खेल प्रेमी तथा जिला खेल संघ के पदाधिकारी और मीडिया कर्मी मौजूद रहेंगे।

# गंगा में स्नान करने आए पांच युवकों में से एक की डूबने से मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**




**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत फेरी घाट में रविवार के दोपहर गंगा में स्नान करने आए पांच युवकों में से एक युवक डूब गया और अचानक लापता हो गया। घटना की सूचना मिलती ही नगर थाना व गंगा थाना कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन करते दिखे। घटना की सूचना आग की तरह फैल गया और स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घाट पर मौजूद लापता युवक के बहनोई विशाल कुमार ने बताया कि गंगा में डूबे युवक का नाम हर्ष सोनी है, वो बिहार के बरौनी के रहने वाले हैं जहां राजमहल नया बाजार में उसकी नानी व मौसा का घर है, जहां सभी लोग घूमने आए थे। बताया गया कि रविवार के सुबह हम सभी महाराजपुर के मोती झरना घूमने के लिए गए थे,वहां गंदा पानी होने के कारण साहिबगंज ओझा टोली गंगा घाट स्नान करने पहुंच गए वही हमारा साला हर्ष सोनी ने जैसे ही गंगा में छलांग लगाया वह गंगा नदी से बाहर नहीं आया और उसी समय से लापता है। आगे बताया कि हर्ष के डूबने के आधे घंटे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन घाट में कोई सुविधा नहीं होने के कारण कोई खोज बिन नहीं किया गया। लोगों ने बाद में बताया कि जहां हर्ष डूबा है वहां पानी की गहराई अधिक है। बता दे की बीते एक दो वर्षों में गंगा में कई घटनाएं हुई जिसमें किशोर से लेकर बुजुर्ग तक की मौत गंगा में डूबने से हो गई हर घटना के बाद जनप्रतिनिधि द्वारा एनडीआरएफ की एक यूनिट की मांग साहिबगंज में स्थापित करने की होती रही लेकिन जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम साहिबगंज में स्थापित करने की के लिए कई बार समर्थ पत्र भेजने के बावजूद आज तक एनडीआरएफ की एक यूनिट की स्थापना साहिबगंज में नहीं हो सका और आज पुरानी साहिबगंज गंगा तट पर बीकॉम के फाइनल ईयर के एक छात्र गंगा में स्नान करने के क्रम में डूब कर लापता हो गया। एक बार फिर से हो गई गंगा में लापता युवक हर्ष सोनी बिहार के बरौनी का रहने वाला था जो कल शनिवार को राजमहल अपने ननिहाल आया था।और अपने मौसी के यहां मांगलिक कार्य में परिवार के लोगों के साथ-साथ हुआ था। आज रविवार को हुए अपने भाई अनुराग कुमार और बहनोई विशाल कुमार सहित तीन अन्य परिजन के साथ मोती झरना घूमने आए और वहां पर स्नान करने का विचार किया कहा कि वहां का पानी उतना साफ नहीं था फिर अचानक से विचार आया कि साहिबगंज गंगा में आकर का स्नान किया जाए और पुरानी साहिबगंज ओझा टोली लंच घाट में स्नान करने के क्रम में अचानक से गंगा में समा गया। बताया गया की घुटनों पर पानी में ही वह गया था और हम लोग अंजान थे किसी लोगों ने नहीं बताया कि पानी की गहराई अधिक है। कुछ ही कदम के बाद खाई है और वह हर्ष सोनी को तैरना भी नहीं आता था वह एक कदम बढ़ाया और अचानक से वह पानी में डूबता ही चला गया, हम लोगों ने हल्ला किया लेकिन कोई लोग नहीं थे जो एक थे। वह उसको पकड़ नहीं पाया और वह गंगा के गहराई में लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसकी खोजबीन की गई कि प्रशासन के लोग भी गंगा रिवर थाना के पुलिस पदाधिकारी भी आए शुरू की गई खबर लिखे जाने तक लापता युवक की खोज भी जारी थी। अगर यहां पर एनडीआरफ की टीम रहती तो शायद उसके साला की जान बच सकती थी स्थानीय लोगों ने भी इस मुद्दे को लेकर के प्रशासन व सरकार के प्रति एक तरह से दुख प्रकट करते हुए कहा कि कई बार मांग की जाती रही जब-जब घटना दुर्घटना होती है एक बार फिर से याद किया जाता है।वहीं सूत्रों की माने तो जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरफ की एक यूनिट स्थापित करने को लेकर विभागीय पदाधिकारी के साथ पत्राचार किया गया है।पुलिस सूत्रों की माने तो गंगा रिवर थाना द्वारा भी एनडीआरएफ की टीम स्थापित करने को लेकर पत्रक के माध्यम प्रशासन को दिया गया।

## 11 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर चर्चा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंज :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल की अध्यक्षता में तीनपहाड पंचायत के बाबूपाडा में 11 साल बेमिसाल के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर चर्चा हुई।जिसमें पंचायत से लेकर मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।केन्द्र सरकार के द्वारा महत्वकांक्षी योजना जो गरीब कल्याण के लिए है बिस्तार पूर्ण जानकारी दी गई।साथ ही साथ जून महीने में भाजपा के द्वारा किया जाने वाला कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। सभी सम्मानित कार्यकर्ता को एक पेड़ मा के नाम पर वृक्षारोपण करने,श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुन्य तिथि मनाने, मंडल स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम करना,झारखंड सरकार के विरूद्ध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।इस कार्यक्रम के संयोजक सह जिला महामंत्री गौतम यादव एवं जिला अध्यक्ष सभी सम्मानित मंच ने अपनी बातों को बिस्तर पूर्ण बताया।मौके पर जिला उपाध्यक्ष चन्द्रभान शर्मा,जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल,जिला महामंत्री कुशमाकर तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा साह, पूर्व जिलाध्यक्ष रंधीर सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल कृष्ण भगत , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सोने लाल ठाकुर, जिला मंत्री चांदनी देवी,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल,राष्ट्रीय मंत्री ओबीसी मोर्चा कृष्णा महतो,श्रीकांत मंडल, आकाश साह,सुजीत कुमार सभी सम्मानित मंडल अध्यक्ष,इस अभियान की सभी मंडल एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## लायंस क्लब का ऑफिसर स्कूलिंग संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**दुमका :** रीजन चेयरपर्सन रीजन पांच के पी.एम. जे.एफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में रविवार को रीजन के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष एवं क्लब के अन्य ऑफिसर के स्कूलिंग का आयोजन द सिटी गार्डन दुमका में किया गया। जिसमें फैकल्टी के रूप में पी. एम. जे.एफ लायन राहुल वर्मा, पी. डी. जी लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन दिनेश पुरी ने क्रमशः अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लायन सुजीत कुमार, लायन अरुण कुमार सिंह, लायन डॉ.मनोज कुमार घोष ने सदस्यों को अन्य योजना एवं अंतर्राष्ट्रीय एवं जिला के गोल की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट पी.एम.जे.एफ लायन संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा देने हेतु हमें समाज सेवा के इच्छुक व्यक्ति को क्लब के सदस्य बनाने की जरूरत है। और उन्होंने कहा क्लब का विस्तार प्रखंड स्तर तक करना होगा जिससे कि हम जरूरतमंदों तक अपनी सेवा पहुंच सके विदित हो की रीजन पांच में बारह क्लब शामिल है। समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत रीजन चेयरपर्सन एलेक्ट पी.एम.जे.एफ लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा मंच संचालन क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीजन चेयरपर्सन लायन परमजीत छाबड़ा जोन चेयरपर्सन इलेक्ट लायन शौकत नाज, लायन दशरथ प्रसाद, लायन अनिल कुमार इनके अलावे लायन विष्णु कुमार मोहरिया, लायन दिनेश कुमार मोहरिया, लायन डॉ. पवन केशरी, लायन राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, लायन डॉ शमीम अंसारी, लायन राजेश कुमार चौरसिया, लायन प्रदीपतो मुखर्जी, लायन सुनील कुमार साहा, लायन अशोक कुमार, लायन शतीश कुमार, लायन राकेश सिंघानिया, लायन अभिषेक सिन्हा, लायन डॉ. अमुल कुमार पाल, लायन रंजिता देवी, लायन सुमन कुमार साह, लायन पिंकी देवी, लायन डॉ. दिवाकर वत्स, लायन डॉ. श्वेता स्वराज, लायन संजीत कुमार सिंह, लायन मिथिलेश कुमार, लायन मीनू कुमारी एवं अन्य क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## आपसी विवाद ने लिया खूनी रूप दो भाई गंभीर रूप से घायल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

साहिबगंज/राजमहल :राजमहल अनुमंडल अंतर्गत राधानगर थाना क्षेत्र के चाँद शहर गांव में आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस दौरान बीच-बचाव करने आई घायल भाइयों की मां से सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।राधानगर थाना में दर्ज शिकायत के अनुसार, यह घटना 7 जून को बकरीद के दिन में करीब 02:10 बजे की है। शिकायतकर्ता दाउद असलम पिता असिम शेख ने बताया कि वह अपने घर पर सो रहा था तभी गली में हल्ला होने की आवाज सुनकर वह बाहर निकला। दाउद ने देखा कि उसके पड़ोसी साहिब शेख का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो रहा था। इन लोगों में कालू शेख बबलू शेख दोनों पिता तैमूर शेख उर्फ तन्नु शेख, तैमूर शेख उर्फ तन्नु शेख पिता स्व. मनारुद्दीन शेख और सैतारा बीबी पति तैमूर शेख उर्फ तन्नु शेख शामिल थे। ये सभी चाँद शहर गांव के ही निवासी हैं। दाउद असलम ने बताया कि उसने झगड़ा होते देख यह कहकर बीच-बचाव करने की कोशिश की कि आज त्योहार है।आप लोग लड़ाई-झगड़ा मत कीजिए। इतना सुनते ही सभी आरोपी दाउद पर टूट पड़े। आरोप है। कि कालू शेख अपने घर से लोहे का रॉड लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से दाउद के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर कट गया और खून बहने लगा, और वह जमीन पर गिर गए। दाउद को बचाने के लिए उनका भाई कासिद शेख दौड़ा, तो तैमूर शेख उर्फ तन्नु शेख ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान, बबलू शेख ने कथित तौर पर जान मारने की नीयत से अपने हाथ में लिए सब्बल लोहे की छड़ से कासिद शेख के सिर पर वार किया, जिससे उसका भी सिर फट गया और खून बहने लगा।।दोनों बेटों पर हमला होते देख उनकी मां दौड़कर आईं। आरोप है। कि सैतारा बीबी ने उनकी मां के बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूसों से मारपीट करने लगी। इसी दौरान, चोरी की नीयत से सैतारा बीबी ने उनकी मां के गले से 2 भरी सोने की चेन नोचकर छीन ली। शिकायत में कहा गया है कि सभी आरोपियों ने मिलकर पीड़ितों को यह धमकी भी दी कि यदि वे केस-मुकदमा करेंगे। तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर बर्बाद कर देंगे। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। दाउद असलम ने राधानगर थाना पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। और मामले की गहन जांच में जुट गई है।

## पंकज मिश्रा ने मृतक संजीव के आश्रितों से की मुलाकात



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने रविवार को कॉलेज रोड चैती दुर्गा के निकट जीएस इलेक्ट्रिकल्स के मालिक संजीव साह उर्फ गुड्डू के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना पर दुख जताया और कहा कि उनकी और झामुमो की संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ है। पंकज मिश्रा ने कहा कि वारदात को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज में अपराधी किसी हाल में बच नहीं सकते।पंकज मिश्रा ने अपराधियों को मुख्य धारा में शामिल होने या जिला छोड़ देने की चेतावनी भी दी। कहा कि अपराध किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 11 वर्षों में भारत ने एक नई दिशा और दशा प्राप्त की है : दुर्गा मरांडी

**मेट्रो रेज संवाददाता**




**दुमका :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को अग्रसेन भवन, दुमका में विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा दुमका जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने की।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी उपस्थित रहे, वहीं भाजपा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने विशेष रूप से भाग लिया साथ ही कार्यक्रम के जिला संयोजक मार्शल ऋषिराज टुडू मौजूद रहे। नेताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों, लोक-कल्याणकारी योजनाओं और विकास की दिशा में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कार्यशाला में भाजपा प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने एक नई दिशा और दशा प्राप्त की है। यह सिर्फ सरकार नहीं, यह गरीबों, आदिवासियों, किसानों और वंचितों के उत्थान की यात्रा है। मोदी जी की सोच 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के माध्यम से आज भारत वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहा है। भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है कि वे इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएं।₹

पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि संथाल परगना सहित पूरे झारखंड में आज जिन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है, वह मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, गैस, आवास, बैंकिंग जैसी बुनियादी सुविधाएं आज हर गाँव तक पहुँची हैं। यह हमारे आदिवासी समाज के लिए गौरव का क्षण है कि भारत सरकार पहली बार आदिवासी संस्कृति और अधिकारों को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। भाजपा दुमका जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि यह कार्यशाला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हम सभी कार्यकताओं के लिए एक मिशन है। हमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना है। बूथ स्तर पर मजबूत संगठन और जागरूक कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं। आने वाले समय में प्रत्येक मंडल, पंचायत और बूथ पर विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। यह अमृतकाल सेवा और समर्पण का काल है झ और भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जनता के बीच उतरेंगे। वक्ताओं ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा मोदी सरकार की योजनाओं के बूथ स्तर तक प्रचार-प्रसार के कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी।जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया जिला कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल,अमरेंद्र सिंह,जिला महामंत्री डॉ पवन केसरी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद सिंह बिद्धू, बबलू मंडल,गोपीनाथ दत्ता,रूपेश मंडल आदि उपस्थित थे।

# किआरा आडवाणी का बिकिनी लुक, वॉर 2 की स्टाइलिस्ट अनाइता ने की तारीफ



**बॉलीवुड** अभिनेत्री किआरा आडवाणी जल्द ही एक्शन फिल्म वॉर 2 में नजर आएंगी। इसी बीच, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा की जमकर तारीफ की है। हाल ही में रिलीज फिल्म के टीजर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर को शानदार एक्शन के लिए लोगों ने खूब पसंद किया। वहीं, किआरा आडवाणी ने बिकिनी में पूल के किनारे अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए धूम मचा दी। फिल्म में किआरा का लुक तैयार करने वाली अनाइता ने कहा, यह पहली बार था, जब मैंने किआरा को किसी फिल्म के लिए स्टाइल किया था और यह निर्देश था कि लुक आकर्षक हो। मैंने पहले भी कई फिल्मों के लिए स्विमसूट स्टाइल किए हैं। मैंने हमेशा उन्हें अधिक सहज मानसिकता के साथ देखा है। मेरे लिए, मैं उसके लिए जो वास्तविक वाइब चाहती थी, वह यह था कि हम समुद्र तट पर महिलाएं कैसी होती हैं, खुश, तनावमुक्त, बिकिनी में पूरी तरह से खुद को, बिना इस बात पर ज्यादा सोचे कि यह कितना छोटा या बड़ा है, इस तरह की सहजता सुंदर है। यहां तक कि जब दृश्य की शूटिंग हो रही थी, तब भी फैशन स्टाइलिस्ट ने अभिनेत्री से कहा कि वह इसे अपना लें, अपनी जगह पर रहें, अपना काम करें, न कि यह दिखाएं कि मैं स्विमसूट में हूं, इसलिए मुझे अब ग्लैमरस दिखना है। अनाइता ने बताया कि फिल्म में किआरा के बिकिनी लुक के बारे में और भी बहुत कुछ देखने और जानने को मिलेगा। उन्होंने कहा, किआरा के लिए, मैं एक असामान्य रंग, कुछ अप्रत्याशित चुनना चाहती थी। यह एक ऐसा शेड है, जिसे पहचानना मुश्किल है... बिल्कुल हरा नहीं, बिल्कुल पीला नहीं। यह कहीं बीच में है, एक लुभावना, लगभग अवर्णनीय मिश्रण जो तुरंत आपको अपनी ओर खींचता है। उन्होंने आगे कहा, पहली बार हमने बिकिनी चार्म्स पेश किए हैं। मुझे यह पसंद है कि यह लुक में ठीक उतनी मस्ती और रहस्य जोड़ता है। उन्होंने आगे कहा, किआरा ने हमें बिल्कुल वैसा लुक देने के लिए बहुत मेहनत की, जैसा हम चाहते थे। मैं चाहती थी कि वह इतनी सहज महसूस करें कि उन्हें यह सोचने की जरूरत न पड़े कि वह किस तरफ मुड़ रही हैं या क्या कर रही हैं।

# पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं चल सकते: पायल घोष



**एक्ट्रेस** पायल घोष ने अपनी तुर्की यात्रा को रद्द करने के कारणों का खुलासा किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। दरअसल, भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद तुर्की और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसी वजह से भारतीयों में तुर्की के प्रति नाराजगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, पायल ने कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने बताया कि उन्हें 30 लाख रुपये का अच्छा ऑफर मिला था, फिर भी उन्होंने तुर्की जाने से साफ इन्कार कर दिया। बातचीत में पायल घोष ने कहा, पैसा देश की इज्जत और गर्व से ऊपर नहीं हो सकता। मैं सबसे पहले एक भारतीय हूं, फिर एक एक्ट्रेस या आर्टिस्ट। जैसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, वैसे ही पीठ में छुरा घोंपना और टूरिस्ट विजिट्स और एंटरटेनमेंट एक साथ नहीं हो सकता। पायल घोष ने कहा, अगर तुर्की ने ऐसे अहम वक्त में पाकिस्तान का साथ चुना, तो वे हम भारतीयों से या हमारे टूरिज्म से कमाई की उम्मीद नहीं कर सकते, चाहे वो सेलिब्रिटी के रूप में हो या आम पर्यटक के तौर पर। मैं अपने फैसले को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं, इसलिए मैंने तुर्की जाने का प्लान रद्द कर दिया। भगवान की कृपा से मुझे जो चाहिए, वह सब मिला है। मैं पैसे के लिए अपने देश को कभी पीछे नहीं रख सकती। जय हिंद! हाल ही में फिल्म एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने तुर्की जैसे देशों का बहिष्कार करने की मांग की थी। नीतू का कहना है कि जो भी देश आतंकवादियों का साथ देते हैं, उनके खिलाफ भारत को कड़ा कदम उठाना चाहिए। ऐसा इसलिए जरूरी है ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो और संस्कृति को बचाया जा सके। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था, मुझे लगता है कि आतंकवाद को किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता, चाहे वह कहीं भी हो। इसमें हमेशा निर्दोष लोग ही परेशान होते हैं। जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, भारत को उसका बहिष्कार करना चाहिए। हम पहले ही बहुत कुछ झेल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरी लोगों से बस यही अपील है कि कोई भी कदम उठाने से पहले अच्छे से सोचें। हमें इंसानियत के साथ यह लड़ाई लड़नी है, लेकिन एक इंसान होने के नाते हमें जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए। ध्यान रखें कि आपका समर्थन किसके साथ है और उसका मकसद क्या है।

## टैक्स चोरी से जुड़ा है मामला

# अर्जुन के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट रद्द



**अभिनेता** अर्जुन रामपाल के खिलाफ टैक्स चोरी मामले में जारी गैर-जमानती वारंट को बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। मामला साल 2019 में टैक्स चोरी से जुड़ा है। आज बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसी मामले में अभिनेता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने वाले स्थानीय अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने इस आदेश को मैकेनिकल और क्रिप्टिक कहा है।

### अर्जुन रामपाल ने किया था हाईकोर्ट का रुख

न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की अवकाश पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश कानून के विपरीत था और बिना सोचे-समझे पारित किया गया था। आयकर अधिनियम की धारा 276सी (2) के तहत अपराध के लिए आई-टी विभाग द्वारा शुरू किए गए 2019 के एक मामले में अर्जुन रामपाल के खिलाफ एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया। अर्जुन ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा 9 अप्रैल को अपने खिलाफ पारित इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था।

### अर्जुन रामपाल ने पेश किया था आवेदन

जिस धारा में अर्जुन रामपाल के खिलाफ मामला है, यह धारा ऐसे व्यक्ति से संबंधित है, जो जानबूझकर टैक्स, जुर्माना या ब्याज के भुगतान से बचने का प्रयास करता है। अभिनेता की याचिका के अनुसार, उनके वकील ने मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी से छूट के लिए आवेदन पेश किया था। हालांकि, अदालत ने इसे खारिज कर दिया और अर्जुन रामपाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया।



# रश्मिका ने डिज्नी की दुनिया में मारी शानदार एंट्री

**साउथ** और बॉलीवुड में कई हिट फिल्में देने के बाद अब रश्मिका मंदाना कुछ ऐसा करने जा रही हैं, जिसके साथ ही वो शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय जैसे सितारों की फेहरिस्त में शामिल हो जाएंगी। हिंदी सिनेमा की दो मेगा हिट फिल्मों 'एनिमल' और 'छावा' का हिस्सा रहीं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की लोकप्रियता को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माण कंपनी डिज्नी पिक्चर्स ने भी सलाम कर दिया है। भारतीय सिनेमा के गिनती के सितारे ही ऐसे रहे हैं जिन्हें डिजनी की फिल्मों के साथ जुड़ने का ये गौरव मिला है। फिल्म 'मुफासा' में महेश बाबू की जोड़ी जमने के बाद रश्मिका दूसरी साउथ सिनेमा कलाकार हैं, जिनके साथ डिज्नी ने अपनी किसी फिल्म का रिश्ता जोड़ा है। दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म कंपनियों में से एक डिज्नी की शुरू से कोशिश रही है कि वह जिन जिन देशों में वहां की भाषाओं में अपनी फिल्में डब करके रिलीज करती है, वहां के सितारों के साथ वह एक भावुक रिश्ता जरूर बनाती है। फिल्म 'द लॉयन किंग' और फिल्म 'मुफासा' में शाहरुख खान ने अपने बेटों के साथ फिल्म के मुख्य किरदारों की डबिंग की है। फिल्म 'मुफासा' के लिए साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू का भी नंबर लगा था। महेश बाबू इन दिनों निर्देशक एस एस राजामौली की फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इससे पहले अभिनेत्रियों में ऐश्वर्या राय बच्चन ने डिज्नी की ही फिल्म 'मैलिफिसिएंट' में मुख्य किरदार की डबिंग की और फिल्म 'फ्रोजेन' में ये मौका प्रियंका चोपड़ा को मिला। स्थानीय कलाकारों के साथ काम करने की डिज्नी की इसी दशकों पुरानी परंपरा का हिस्सा अब रश्मिका मंदाना बनी है। रश्मिका ने डिज्नी की इस शुक्रवार रिलीज हो रही फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' के जरिये डिज्नी से अपना रिश्ता बनाया है।

# पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार जीता नेशंस लीग का खिताब

**म्यूनिख।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई में पुर्तगाल ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए यूएफा नेशंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं।

**रोनाल्डो ने दिलाया बराबरी का गोल :** मुकाबले की शुरूआत स्पेन के पक्ष में रही, जब 21वें मिनट में मार्टिन जुबिमेंडी ने अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन जल्द ही पुर्तगाल ने वापसी की और नूनो मेंडेस ने रोनाल्डो की मदद से शानदार गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।

**पेड्री का कमाल और फिर रोनाल्डो का जवाब :** स्पेन ने पहले हाफ के अंत तक फिर से बढ़त बनाई। मिडफील्डर पेड्री के बेहतरीन पास पर मिकेल ओयारजाबाल ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ में रोनाल्डो ने एक बार फिर मौके का फायदा उठाया और 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागते हुए पुर्तगाल को बराबरी दिला दी।

**शूटआउट में स्पेन चूका, पुर्तगाल ने मारी बाजी :** मैच के अंतिम क्षणों में रोनाल्डो चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमों के बीच कोई फर्क नहीं पड़ा और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। यहां स्पेन के अल्वारो मोराटा चूक गए, जबकि पुर्तगाल ने अपने सभी पांच पेनल्टी गोल में बदले। आखिरी किक रूबेन नेवेस ने लगाई और पुर्तगाल को दूसरी बार नेशंस लीग चैंपियन बना दिया।

**रोनाल्डो की भावुक विदाई? :** जीत के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने आंसू नहीं रोक सके। यह संभवतः उनका आखिरी बड़ा टूर्नामेंट हो सकता है और टीम को ट्रॉफी दिलाकर वह भावुक हो उठे। 40 साल की उम्र में भी उनका जज्बा और प्रदर्शन प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक रहा।

# पीवीएल 4 नीलामी: जेरोम विनीत, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने

एजेंसी

**कालीकट।** प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) सीजन 4 की नीलामी में रविवार को जेरोम विनीत सी, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार ने सबसे अधिक बोली हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। इन तीनों खिलाड़ियों को प्लेटिनम कैटेगरी में रु 22.5 लाख की कीमत पर खरीदा गया। जेरोम विनीत को चेन्नई ब्लिट्ज ने अपनी टीम में शामिल किया, वहीं शमीमुद्दीन को कालीकट हीरोज और विनीत कुमार को कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अपनी टीम में जोड़ा।



### कुल 789 खिलाड़ियों की बोली, 10 फ्रेंचाइजियों ने किए 6 करोड़ से अधिक खर्च

इस बार नीलामी में कुल 789 खिलाड़ी शामिल हुए, जिन पर 10 फ्रेंचाइजियों ने बोली लगाई। कुल रु 6 करोड़ 8 लाख 50 हजार की राशि खर्च की गई। हर फ्रेंचाइजी को अपने पुराने खिलाड़ियों को रिटेन करने या उन्हें ऑक्शन पूल में छोड़ने का विकल्प मिला था। विदेशी खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट सिस्टम से किया गया।

### चेन्नई ब्लिट्ज की खरीदारी

जेरोम विनीत के अलावा चेन्नई ब्लिट्ज ने एम. अश्विन राज, आदित्य राणा और समीर चौधरी को रु 8 लाख में, नांजिल सूर्या को रु 5.75 लाख, टी. श्रीकांत को रु 6.5 लाख, तरुण गौड़ा के को रु 4.25 लाख, कैला विष्णु वर्धन बाबू और नमिथ एमएन को रु 3 लाख में खरीदा।

### कालीकट हीरोज ने बनाई संतुलित टीम

शमीमुद्दीन के अलावा कालीकट हीरोज ने संतोश एस को रु 11.5 लाख, मोहनुक्क्रापांडियन को ?8 लाख, अब्दुल रहीम और मुकेश कुमार को रु 4 लाख तथा हारिस, किरणराज थेवलिल और उसामा रहमत को रु3 लाख में टीम में शामिल किया।

### कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी दिखाई आक्रामकता

विनीत कुमार के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने जसजोध सिंह को रु 14.75 लाख, अमलके थॉमस को रु 6.5 लाख, जानशाद यू को रु 4.25 लाख, और अयुष पांडे, निर्मल जॉर्ज, सचिन के, हेमंत पी और एलन अशीक वीएल को रु 3 लाख में खरीदा।

### अहमदाबाद डिफेंडर्स का मजबूत दांव

अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को रु11.5 लाख, अंगमुथु को रु11 लाख, अखिन जीएस को रु10.25 लाख में खरीदा। अर्शक सिनान को रु8 लाख, पी. प्रभाकरण को रु3.25 लाख, जबकि ध्रुविल पटेल, अभिनव बीएस और हर्ष चौधरी को रु3 लाख में टीम का हिस्सा बनाया।

### बेंगलुरु टॉरपीडोज ने देर से लेकिन बड़ा दांव खेला

बेंगलुरु टॉरपीडोज ने जिश्नू पीवी को रु14 लाख में खरीदा। जोएल बेंजामिन जे रु6.5 लाख में टीम से जुड़े, वहीं रोहित कुमार और इबिन जोस को रु5 लाख में, हिमांशु त्यागी को रु4.25 लाख में और संदीप को रु3 लाख में टीम में शामिल किया गया। नितिन मिन्हास को रु4.2 लाख में खरीदा गया।

### दिल्ली तूफान ने कई बड़े नामों पर दांव लगाया

दिल्ली तूफान ने मुहम्मद जसीम को रु11 लाख, आयुष को रु9 लाख, मन्नत चौधरी को रु6.5 लाख, जॉर्ज एंटनी को रु5 लाख और अभिषेक राजीव, अविनाश व रिजास केआर को रु3 लाख में टीम में शामिल किया।

### हैदराबाद ब्लैक हॉक की बड़ी खरीदारी

हैदराबाद ब्लैक हॉक ने शिखर सिंह को रु16 लाख, अमन कुमार को रु11.5 लाख, दीपु वेंगुपाल को रु5.75 लाख, प्रीत करण को रु4.75 लाख, राजनीश सिंह, अथुल और दिग्विजय सिंह को रु3 लाख में खरीदा।

### कोलकाता थंडरबोल्ट्स की ठोस टीम

कोलकाता ने पंकज शर्मा को रु6 लाख, स्रजन शेट्टी को रु5 लाख, जितिन एन को रु5.75 लाख, सूर्यांश तोमर को रु4 लाख, लालसुजन एमवी को रु6.25 लाख, मुहम्मद इकबाल को रु7 लाख, अमित चौकर को रु 5 लाख और मुहम्मद फवाज एम को रु 3 लाख में टीम से जोड़ा।

### मुंबई मीटियर्स का संतुलित चयन

मुंबई ने लाड ओमवसंत और कार्तिक ए को रु8 लाख, सोनू, निखिल और विपुल कुमार को रु5 लाख, निखिल चौधरी को रु4 लाख और अभिनव सालार व योगेश कुमार को रु3 लाख में खरीदा।

### गोवा गार्जियंस की रणनीति


गोवा ने प्रिंस और रमणाथन आर को रु8 लाख, विक्रम और दुश्यंत सिंह को रु 4 लाख, रोहित यादव को रु 3.5 लाख और जैरी डेनियल को रु 3 लाख में खरीदा।

पीवीएल सीजन 4 की नीलामी में खिलाड़ियों की मांग और टीमों की रणनीति ने एक बार फिर दिखा दिया कि भारत में वॉलीबॉल का क्रेज लगातार बढ़ रहा है।

# मार्क मार्केज ने अरागोन ग्रां प्री जीतकर पूरा किया परफेक्ट वीकेंड, डुकाटी का पोडियम पर कब्जा

एजेंसी

**अल्कानीज (स्पेन)।** डुकाटी के स्टार राइडर मार्क मार्केज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोटरलैंड सर्किट पर उनका कोई सानी नहीं है। उन्होंने पोल पोजिशन से शुरूआत करते हुए अरागोन ग्रां प्री में शानदार जीत दर्ज की और चैंपियनशिप में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। इस जीत के साथ मार्क ने न केवल सीजन की सातवीं जीत हासिल की, बल्कि इस सर्किट पर रिकॉर्ड सातवीं बार जीतकर इतिहास भी रच दिया। उनके छोटे भाई एलेक्स मार्केज ने ग्रेसिनी रेसिंग के लिए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डुकाटी टीम के ही फ्रांसेस्को बगनाइया तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह डुकाटी ने पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया।





### सभी सेशनों में दिखाया दबदबा

मार्क मार्केज ने वीकेंड के हर सेशन – प्रैक्टिस, क्वालिफाइंग, वार्मअप और रेस – में टॉप पर रहकर 2015 जर्मन ग्रां प्री के बाद पहली बार किसी राइडर ने हर सेशन में बढ़त बनाई। उस समय भी ये कारनामा खुद मार्क ने ही किया था।

उन्होंने कहा, 'यह वीकेंड शानदार रहा। हर सेशन में लीड करना, पूरा फोकस बनाए रखना जरूरी था। एलेक्स और पेको (बगनाइया) की रेस पेस तेज थी, लेकिन मैं गैप कंट्रोल करता रहा। भाई के साथ जीत सेलिब्रेट करना बहुत खास था।'

### भाईचारा और सोशल मीडिया पर बना रहा रोमांच

रेस से पहले दोनों मार्केज भाइयों के बीच सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर मजेदार बहस चल रही थी कि उनकी मां किसे सपोर्ट करेंगी। रेस जीतने के बाद मार्क ने अपनी मां को डुकाटी की लाल शर्ट भेंट की, जिससे मजेदार लम्हा बन गया। रेस के बाद दोनों भाई घरेलू दर्शकों के सामने हाथ में हाथ डालकर डांस करते भी दिखे, जो उनके सम्मान में बनाए गए विशेष स्टैंड में मौजूद थे।

### बगनाइया की पकड़ और अकॉस्टा की चुनौती

रेस के शुरूआती मोड़ पर मार्क ने बेहतरीन लॉन्च के साथ बढ़त बनाई और पहले मोड़ में ही लीड ले ली। एलेक्स दूसरे स्थान पर टिके रहे, जबकि तीसरे स्थान के लिए बगनाइया और केटीएम के पेड्रो अकॉस्टा के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, अनुभव के दम पर बगनाइया ने अकॉस्टा को पछाड़ दिया। वहीं, केटीएम के ही ब्रैड बिंडर का क्रैश होना टीम के लिए झटका साबित हुआ।

### चैंपियनशिप में बढ़त

इस जीत के साथ मार्क मार्केज ने अपने भाई एलेक्स पर 32 अंकों की बढ़त बना ली है, जबकि बगनाइया अब शीर्ष से 93 अंक पीछे हैं। सीजन के इस पड़ाव पर मार्क की फॉर्म और आत्मविश्वास उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बना रही है।

# 'जलता' लॉस एंजिल्स नेशनल गार्ड के दो हजार सैनिकों के हवाले, स्थिति और बिगड़ी

एजेंसी

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया का सबसे बड़ा शहर लॉस एंजिल्स ट्रंप प्रशासन के आव्रजन छापों के विरोध में 'जल' रहा है। इसे रोकने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिल्स की सड़कों पर कम से कम 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को उतारा है। बावजूद इसके स्थिति और और गंभीर होती दिख रही है। लॉस एंजिल्स संयुक्त राज्य अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, लॉस एंजिल्स में शनिवार को कानून प्रवर्तन अधिकारियों का सैकड़ों प्रदर्शनकारियों से जूझना पड़ा। अधिकारियों को कुछ रबर की गोलियों, आंसू गैस और फ्लैश बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल करना पड़ा। बताया गया है कि अवैध श्रमिकों की तलाश में कार्यस्थलों पर छापे मारने के बाद प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। रविवार को लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन में दूसरी बार झड़प हुई।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसन ने कहा है कि ट्रंप ने नेशनल गार्ड के जवानों को जानबूझकर भेजकर स्थिति को और बिगाड़ दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने बिना उनकी सहमति से ऐसा कर संघीय शक्तियों का दुरुपयोग किया है । इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि आव्रजन अधिकारियों के रास्ते में आने वाले किसी भी प्रदर्शन को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ विद्रोह माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजिल्स के दक्षिण में एक छोटे से शहर पैरामाउंट से शुरू यह विरोध प्रदर्शन अन्य जगहों पर फैल गया। पैरामाउंट में बड़ी संख्या में लैटिनो आबादी है। ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई अगले साल के विश्व कप पर एक बाधा के रूप में आकार ले रही है। कुछ फुटबॉल प्रशंसक इससे भयभीत हैं। लॉस एंजिल्स टाइम्स अखबार के अनुसार, रविवार को कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के सैनिक लॉस एंजिल्स पहुंचे। उन्होंने आव्रजन एजेंटों की मदद करते हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। ट्रंप के लगभग 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को भेजने से राज्य और स्थानीय अधिकारी भी भड़क गए हैं।

अल जजीरा की खबर के अनुसार, ट्रंप के सख्त कदम के बाद सुरक्षा बलों ने लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन में आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां दागीं। एडवर्ड आर रॉयबल फेडरल बिल्डिंग, मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर और 101 फ्रीवे के पास तीसरे दिन भी झड़पें हुई हैं। इस बीच व्हाइट हाउस ने नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात करने के आदेश को रद्द करने की कैलिफोर्निया के गवर्नर की अपील को खारिज कर दिया है। बीबीसी के अनुसार, लॉस एंजिल्स में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शनकारियों की तीसरे दिन भी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के झड़पें हुई हैं। नेशनल गार्ड के सैनिकों ने कई जगह आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने शहर के प्रमुख 101 फ्रीवे को अवरुद्ध कर दिया। यहां नेशनल गार्ड के सैनिकों की जमकर झड़प हुई। लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन में अनके स्वचालित वाहनों को फूंक दिया। पुलिस के घोड़ों को हमला निशाना बनाया गया।

## ममता बनर्जी ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तर बंगाल के एक कॉलेज का नाम इस महान क्रांतिकारी के नाम पर रखा है। साथ ही उनके जन्मदिन के मौके पर पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है। एक्स (पूर्व ट्विटर) पर ममता बनर्जी ने लिखा, 'जॉय जोहार। बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। हमें गर्व है कि उत्तर बंगाल के एक कॉलेज का नाम हमने इस वीर विद्रोही के नाम पर रखा है। इसके अलावा, उनके जन्मदिन को राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर हम उन्हें सम्मानित करते हैं। मैं एक बार फिर इस महान आदिवासी नायक को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।' बिरसा मुंडा की मृत्यु 9 जून, 1900 को रांची की पुरानी सेंट्रल जेल में हुई थी। उनका जन्म 15 नवंबर, 1875 को हुआ था। उनके जन्मदिन को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

बिरसा मुंडा को भारत के आदिवासी समाज में जननायक के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को एकजुट किया।

## अमेरिका से निर्वासित किए गए 37 नेपाली नागरिकों को चार्टर्ड विमान से लाया गया काठमांडू

एजेंसी

**काठमांडू।** अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे 37 नेपाली नागरिकों को रविवार की देर शाम को एक विशेष चार्टर्ड विमान से निर्वासित किए जाने के बाद त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। काठमांडू पहुंचने पर निर्वासितों को तुरंत नेपाली आप्रवासन अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों द्वारा पूछताछ करके उन्हें अपने गंतव्य तक जाने दिया गया। नेपाल के आप्रवासन विभाग के अनुसार, निर्वासित लोगों में वे व्यक्ति शामिल हैं जो या तो अपने वीजा से अधिक समय तक रहे थे, या अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर चुके थे, या अपनी आप्रवासन स्थिति को नियमित करने में विफल रहे थे।

निर्वासित लोगों से पूछताछ के बाद आप्रवासन अधिकारियों ने बताया कि कुछ को कथित तौर पर ₹त्वरित निष्कासन₹ प्रक्रियाओं के तहत भी हिरासत में लिया गया था। यह एक ऐसी नीति है जो अमेरिकी अधिकारियों को पूर्ण अदालत की सुनवाई के बिना भी अनिर्दिष्ट प्रवासियों को निर्वासित करने की अनुमति देती है यदि वे दो साल से कम समय से अवैध रूप से देश में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद नए सिरे से आव्रजन प्रवर्तन नीतियों के तहत अन्य देशों की तरह ही नेपाली नागरिकों का निर्वासन बढ़ गया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अब तक 150 नेपालियों को अमेरिका से निर्वासित किया गया है जो पूरे 2024 में निर्वासित की गई संख्या से दोगुने से अधिक है। यहां तक कि जिन लोगों ने पहले अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) के तहत शरण लिया था उन्हें भी निर्वासित होने के लिए कह दिया गया है।

ट्रम्प प्रशासन ने अभी कुछ दिन पहले ही औपचारिक रूप से नेपाली नागरिकों के लिए टीपीएस को समाप्त कर दिया - एक ऐसी नीति जिसने एक बार 2015 के भूकंप के बाद अमेरिका में रहने वाले लगभग 7,000 नेपालियों को निर्वासित होना पड़ेगा। रविवार की चार्टर्ड निर्वासन उड़ान में, लौटाए गए लोगों में से सभी ऐसे नागरिक शामिल हैं जो मानव तस्करी के जरिए मोटी रकम देकर अनियमित और खतरनाक मार्गों का उपयोग करके अमेरिका में प्रवेश किया था।

नेपाल के मानव तस्करी रोधी ब्यूरो के अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या समूह में से कोई तस्करी नेटवर्क या श्रम शोषण का शिकार हुआ था। प्रारंभिक पूछताछ से पता चलता है कि निर्वासितों में से कुछ ने नेपाली करेंसी में 40 लाख रुपये से लेकर 80 लाख रुपये तक खर्च किया था। अमेरिका तक पहुंचने के लिए पहले ब्राजील, कोलंबिया और मैक्सिको जैसे देशों के माध्यम से खतरनाक यात्रा कर अमेरिकी सीमा तक पहुंचे थे। अधिकारियों ने कहा कि सभी 37 व्यक्तियों को उनके परिवारों के साथ फिर से मिलने से पहले स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। उन्होंने बताया की ऐसे मामलों में जहां आपराधिक गतिविधि या मानव तस्करी का संदेह है, आगे की जांच शुरू की जाएगी।

## कोलकाता में बीएसएफ जवान ने की आत्महत्या, व्हाट्सएप पर भेजा आखिरी संदेश

एजेंसी

- बीएसएफ और कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया
- जवान का शव सोमवार सुबह शुलुंगुड़ी स्थित किराए के आवास में फंदे से लटका हुआ पाया गया

**कोलकाता ।** राजधानी कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में एक बीएसएफ जवान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय सुर्यकांत दास के रूप में हुई है, जो मूल रूप से ओडिशा के निवासी थे। जवान का शव सोमवार सुबह शुलुंगुड़ी स्थित किराए के आवास में फंदे से लटका हुआ पाया गया। आत्महत्या से ठीक पहले सुर्यकांत ने अपने परिजनों को व्हाट्सएप पर एक सुसाइड नोट भेजा था, जिसमें उन्होंने मानसिक तनाव को इस आत्महत्या की वजह बताया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुर्यकांत दास की तैनाती करीब एक माह पूर्व हुई थी और वे न्यू टाउन क्षेत्र के शुलुंगुड़ी इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे थे। सोमवार सुबह जब उन्होंने परिजनों को व्हाट्सएप संदेश भेजा, तो परिजन घबराकर मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद पाकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इको पार्क थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और जवान को फांसी पर लटका पाया।

घटनास्थल से कोई बाहरी चोट या जबरन प्रवेश के संकेत नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। सुर्यकांत द्वारा भेजे गए सुसाइड नोट में स्पष्ट तौर पर मानसिक तनाव का उल्लेख किया गया है, हालांकि उसमें तनाव के करणों का विवरण नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि की जा सके।

बीएसएफ और कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया, बीएसएफ की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि ₹यह एक अत्यंत दुखद घटना है। विभाग परिवार के साथ संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इको पार्क थाने की टीम ने आत्महत्या के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है। मोबाइल फोन के साथ सुसाइड नोट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या किसी प्रकार का पारिवारिक, आर्थिक या पेशेवर दबाव सुर्यकांत पर था।

राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर

## श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर नौ शहरों में यलो अलर्ट

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में भीषण लू का प्रकोप जारी है। रविवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया। सोमवार को भी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बीकानेर और श्रीगंगानगर के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि नौ शहरों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। टोंक और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह हल्के बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पाई। धूप के साथ उमस भी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को प्रदेश के आठ से ज्यादा शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बीकानेर 46 डिग्री, चूरू 45.6 डिग्री, फलोदी 45.4, जैसलमेर 45.2, बाड़मेर 45.9, कोटा 45 डिग्री, पिलानी और वनस्थली (टोंक) 44.2 डिग्री, जयपुर 43.5, भीलवाड़ा, अलवर और जोधपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया। राजधानी जयपुर में तापमान 1.7 डिग्री की बढ़त के साथ 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सोमवार को भी शहरवासियों को सुबह से ही गर्म हवाओं और धूप ने परेशान कर रखा है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिन तक लू से राहत की संभावना नहीं है। खासकर श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, चूरू, बाड़मेर और फलोदी जैसे शहरों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में श्रीगंगानगर और बीकानेर व यलो अलर्ट वाले जिलों में चूरू, जैसलमेर, बाड़मेर, कोटा, पिलानी, टोंक (वनस्थली), भीलवाड़ा, अलवर, जयपुर शामिल है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग दोपहर 12 से तीन बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें, अधिक पानी पिएं और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाएं।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, हरे निशान में सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से पहले घंटे के कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव होता रहा। हालांकि लिवाली का जोर अधिक होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। पहले एक घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा, जियो फाइनेंशियल, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स के शेयर 2.94 प्रतिशत से लेकर 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी लाइफ, भारती एयरटेल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 0.83 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,486 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,977 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 509 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 385.56 अंक की मजबूती के साथ 82,574.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,669 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ने पर इसने 82,434.77 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 347.25 अंक की बढ़त के साथ 82,536.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 157.05 अंक उछल कर 25,160.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 25,077.15 अंक तक गिर गया। राहत की बात ये रही कि बिकवाली के साथ ही खरीदारी भी होती रही, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बना रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 109.65 अंक की तेजी के साथ 25,112.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,188.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,003.05 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

न्यूज IN ब्रीफ

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में किसानों को किया जा रहा जागरूक

**देहरादून।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ-2025 के अंतर्गत उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर किसानों को जागरूक करने की पहल की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। पौड़ी गढ़वाल जनपद में इस अभियान के अंतर्गत 10 जून को पौड़ी जनपद के बीरोंखाल ब्लॉक व 11 जून को देवराड़ी देवी पौखड़ा में खंड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में भारत सरकार के प्रतिनिधि अनूप सिंह बिष्ट (उप सचिव, विस्तार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय), एस. भानमती (उप निदेशक) और जिस्नु के. जे. (क्षेत्रीय गृह अर्थशास्त्री) प्रतिभाग कर किसानों को कृषि संबंधित योजनाओं, नई कृषि तकनीकों, बीजों की उन्नत किस्मों, नवाचार, जल प्रबंधन, जैविक खेती और बाजार संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसके साथ ही अधिकारियों संग विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2025 की समीक्षा भी की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी और पौड़ी गढ़वाल के मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सभी संबंधित विभागों - कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता आदि को इस अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री के 'अमृत काल' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका लक्ष्य है 'समृद्ध किसान, सशक्त भारत'।

### किसानों को मोटे अनाज के बीज नि:शुल्क उपलब्ध करा रही योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रगतिशील किसानों को सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा और रागी के बीजों का मिनी किट निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। सरकार ने खरीफ के मौजूदा सीजन (2025) में प्रगतिशील किसानों को अलग-अलग फसलों के बीज के 4.58 लाख मिनी किट निःशुल्क बांटने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि करीब डेढ़ दशक पहले हुए एक सर्वे के मुताबिक 1962 में देश में प्रति व्यक्ति मोटे अनाजों की सालाना खपत करीब 33 किलोग्राम थी। हालांकि 2010 में यह घटकर करीब 4 किलोग्राम पर आ गई। दरअसल हरित क्रांति के पहले कम खाद, पानी, प्रतिकूल मौसम में भी उपजने वाला और लंबे समय तक भंडारण योग्य मोटे अनाज हमारी थाली का मुख्य हिस्सा थे। पर, हरित क्रांति में गेहूं-धान पर सर्वाधिक फोकस, सिंचाई के बढ़ते संसाधन एवं रासायनिक खादों एवं रसायनों की उपलब्धता की चकाचौंध में हमने ₹कुअन्न₹ का कलंक लगाकर इनको भुला दिया। पर इन कुअन्नों या मोटे अनाजों में भरपूर मात्रा में डायटरी फाइबर, प्रोटीन, बसा, कार्बोहाईड्रेट, कैल्शियम एवं आयरन मिलते हैं। इस लिहाज से खुद में ये कुअन्न पोषण के पॉवर हाउस हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मसलन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च (आईआईएमआर-हैदराबाद) केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मदद से टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर न्यूट्री हब की स्थापना कर नए स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है। स्टार्टअप शुरू करने वाले को हर तरह की मदद दी जाती है। यही नहीं मिलेट को बेस करके 500 से अधिक रेसिपी (रेडी टू ईट, रेडी टू कूक) भी तैयार की जा चुकी है। मोटे अनाजों की अधिक उपज देने वाली एवं रोग प्रतिरोधक 150 से अधिक बेहतर प्रजातियां भी लांच की जा चुकी हैं। इनमें 10 अतिरिक्त पोषण वाली और 9 बायोफर्टिफाइड ब्रीडिंग के जरिए पोषक तत्वों को बढ़ाने वाली हैं। उन्होंने बताया कि बीज कृषि निवेशों का प्रमुख घटक है। उत्पादन में इसकी भूमिका करीब 25 फीसद होती है। सरकार का 2018 में भारत में मिलेट वर्ष मनाने के पहले से ही इस पर फोकस है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के आयोजन के पहले गुणवत्ता पूर्ण बीज की उपलब्धता पर और फोकस किया गया। अब तो योगी सरकार हर तरह के और प्रदेश के सभी नौ तरह की कृषि जलवायु (एग्रो क्लाइमेट जोन) के अनुकूल गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता के लिए किसानों के मसीहा माने जाने वाले स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण के नाम पर पांच बीज पार्क भी बनाने जा रही है। लखनऊ के रहमान खेड़ा में स्थापित होने वाले बीज पार्क के लिए तो काम भी शुरू हो गया है।

### रणथम्भौर फोर्ट में बाघ के हमले में जैन मंदिर के चौकीदार की मौत, दो महीने में तीसरी घटना

**सवाई माधोपुर।** रणथम्भौर फोर्ट में सोमवार को फिर एक बाघ ने हमला कर इंसान की जान ले ली। बाघ ने फोर्ट स्थित जैन मंदिर के चौकीदार राधेश्याम (60) पर हमला कर उन्हें मार डाला। वह यहां बीते 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे वे शौच के लिए बाहर निकले थे, तभी बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बीते करीब दो माह में बाघ के हमले में यह तीसरी मौत है। घटना की पुष्टि करते हुए वन विभाग ने बताया कि यह हमला फोर्ट के अंदर मंदिर से 30-40 मीटर की दूरी पर हुआ। टाइगर ने राधेश्याम की गर्दन पर दांत गड़ा दिए और शरीर का निचला हिस्सा खा गया। वन विभाग को जानकारी मिलने पर करीब तीन-चार घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किया गया। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के सीसीएफ अनूप के.आर. ने बताया कि रविवार को ही टाइगर मूवमेंट के चलते श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। बावजूद इसके मंदिर के तीन चौकीदार फोर्ट के भीतर रुके हुए थे। सुबह राधेश्याम के चिल्लाने की आवाज सुनकर अन्य दो चौकीदार बाहर निकले तो उन्हें खून जमीन पर खून देखने पर वन विभाग को सूचना दी। चौकीदार की मौत के बाद ग्रामीणों ने सवाई माधोपुरझकुंडेरा मार्ग को जाम कर दिया। लोगों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही से यह दो महीने में तीसरी मौत हुई है। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और टाइगर मूवमेंट के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 21 अप्रैल को बाघिन कनकटी ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर से लौट रहे सात साल के बच्चे को मार डाला था। बच्चा अपनी दादी के साथ दर्शन कर लौट रहा था तभी जंगल से निकलकर टाइगर ने हमला कर दिया। इसके बाद 12 मई को जोगी महल के पास बाघ ने एक वन रेंजर पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाघ 20 मिनट तक शव के पास बैठा रहा। अब जैन मंदिर के चौकीदार पर हमला हुआ है।



## न्यूज ब्रीफ

### सद्गुरु कबीर प्रगट उत्सव का महंत सुशीला माता ने किया शुभारंभ

**जमशेदपुर :** सोनारी स्थित सीपी धर्मदास भजन मंदिर में तीन दिवसीय संत समागम समारोह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ से आई महंत सुशीला माता ने किया। समारोह की शुरूआत सद्गुरु कबीर साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण और साहेब बन्दगी साहेब के उद्घोष के साथ हुई।कार्यक्रम में सबसे पहले अमीन माता महिला मंडल ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया, जिसके बाद महंत सुशीला माता की टीम ने कबीर साहेब के भजन एवं प्रवचन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कबीरपंथी भक्त शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष कुंज बिहारी दास, पुहुप दास, चेतन दास, बाबू दास, चन्द्रिका दास, पारस दास, निर्मल दास सहित अमीन माता महिला मंडल और नवयुवक मंडल का विशेष योगदान रहा।

### ब्लड बैंक की जांच करने एमजीएम अस्पताल पहुंची टीम

**जमशेदपुर :** एमजीएम अस्पताल के ब्लड बैंक की जांच करने के लिए कोलकाता से टीम पहुंच गई है। यह टीम एमजीएम अस्पताल में चल रहे ब्लड बैंक के अगले 5 साल तक के लिए रीन्यूअल की जांच करेगी। इतना ही नहीं टीम एमजीएम अस्पताल डिम्ना स्थित नए भवन में इस ब्लड बैंक को शिफ्ट करने के लिए संसाधनों के मानकों की जांच करेगी। ब्लड बैंक ने बिल्डिंग में शिफ्ट करने के लिए आवेदन किया था। जिसको लेकर यह टीम जमशेदपुर पहुंची है।

### धतकीडीह ठक्कर बाबा स्कूल में दो नए कक्ष का शिलान्यास

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के जिला योजना अनाबद्ध निधि से धतकीडीह स्थित ठक्कर बाबा मध्य विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण कार्य का रविवार को शिलान्यास किया गया।शिलान्यास समारोह में विधायक सरयू राय के प्रतिनिधि सचिव ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू और सांसद विद्युतवरण महतो के प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा उपस्थित थे। अतिथियों ने नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी को देखते हुए इसे आवश्यक बताया और आश्वस्त किया कि शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन ने इसके लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

### पलामू-गढ़वा में जबरन थोपी जा रही भाषा : वीडी राम




**पलामू :** पलामू और गढ़वा के इलाके में सरकार द्वारा जबरन भाषा थोपी जा रही है. यह पलामू और गढ़वा के लोगों के साथ-साथ यहां की मिट्टी का भी अपमान है. राज्य सरकार को पता नहीं है कि कौन से इलाके में कौन सी भाषा बोली और लिखी जा रही है. यह आरोप पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने झारखंड सरकार पर लगाया है.

दरअसल, झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली 2025 अंतर्गत जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं की सूची में पलामू और गढ़वा जिले के लिए नागपुरी और कुडुख को शामिल किया गया है. इसी मामले को लेकर पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने रविवार को मीडिया से बातचीत की.

सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि झारखंड की सरकार को यह पता नहीं है कि राज्य के किस से इलाके में कौन सी भाषा बोली जा रही है, जिसने भी नियमावली बनाई है उसे भी इसकी जानकारी नहीं है. सांसद ने कहा कि सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए, लेकिन स्थानीय भाषा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए. झारखंड सरकार पलामू और गढ़वा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है.

पलामू के इलाके में कुडुख और नागपुरी की पढ़ाई नहीं होती है. कुडुख के एकमात्र शिक्षक रिटायर हो चुके हैं. अचानक यहां के युवाओं पर इस तरह के फैसले को थोपना ठीक नहीं है. इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा है कि इस मामले को लेकर पार्टी सड़क पर उतरेगी.

### स्नान पूर्णिमा के साथ 11 से शुरू होगा रथ महोत्सव

**धनबाद :** स्नान पूर्णिमा के साथ 11 जून बुधवार को रथ महोत्सव की शुरूआत हो रही है। इस दिन भगवान जगन्नाथ का स्नान किया जाता है, जो रथ यात्रा उत्सव का पहला अनुष्ठान है। यह स्नान उत्सव के दौरान देवताओं को तैयार करने की शुरूआत मानी जाती है। स्नान पूर्णिमा के साथ यहां रथ निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो जाता है। जगन्नाथ मंदिर धनसार में पूरी के जगन्नाथ धाम की तर्ज पर सभी अनुष्ठान होते हैं। यहां 12 मास में 13 महोत्सव होते हैं। भगवान जगन्नाथ का होगा 108 घड़े के जल से स्नान परंपरा के अनुसार जगन्नाथ मंदिर में भगवान को मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकाला जाता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ को 108 घड़े के शीतल जल से स्नान कराया जाता है। इस दिव्य अनुष्ठान का साक्षी बनने के लिए लोग दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं। मान्यता है कि भगवान की लीला में से एक यह भी है कि 108 घड़े के स्नान से जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। इसके बाद उन्हें गर्भगृह की बजाए एकांतवास में रखा जाता है, जहां 14 दिनों तक उनकी औषधीय सेवा की जाएगी। 15वें दिन होगा भगवान का नेत्र उत्सव मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 15वें दिन भगवान का नेत्र उत्सव होगा। जगन्नाथ स्वामी के नेत्रों को विधिपूर्वक अनुष्ठान के साथ सजाया जाएगा। इसके बाद लोगों के दर्शन के लिए मंदिर को खोला जाएगा। अगले दिन सिंहासन, रथ के चारों पहिए और सारथी को पंचामृत स्नान व पूजन होगा। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो धनसार से निकलकर, बैंक मोड़ बिरसा मुड़ा चौक, शक्ति मंदिर होते हुए वापस धनसार में मासीबाड़ी को चली जाएगी। यहां नौ दिन रहने के बाद फिर से वापस लौटेंगे।

### युवाओं को सिखाया गया सीपीआर का तरीका

जमशेदपुर : भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रविवार को साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में सेफ्टी फर्स्ट एड प्रशिक्षण के कार्यक्रम में जागरूक युवाओं को वर्तमान समय में प्रभावी कृत्रिम श्वसन विधि सीपीआर विथ माउथ टू माउथ रेस्पिरेशन के साथ बॉडी के टॉप टू टो सर्वे के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। युवाओं ने सीपीआर मेनीकीन पर प्रशिक्षण पाया। इस सत्र में 20 युवाओं ने भाग लिया।

# सिमडेगा में झामुमो नेताओं ने बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार को झामुमो सिमडेगा के नेताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के 125 वीं शहादत दिवस पर, नगर भवन सिमडेगा स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष श्री अनिल कांडुलना ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सही मायनों में एक सच्चे जननायक थे। आज हम उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर ही समाज में शोषित - वंचित लोगों के हक एवं अधिकारों की रक्षा करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना होगा , तभी जाकर हम बिरसा मुंडा के सपनों को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, केन्द्रीय समिति सदस्य श्री नोवस केरकेट्टा, फिरोज अली, संजू डांग,मोङ्क इरशाद, केंद्रीय समिति सदस्य,सुनील खेश,प्रफुल्लित डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष सरफराज अहमद उर्फ रूफी,जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो,पूर्व केन्द्रीय समिति सदस्य मो० शाहिद, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साबिर अंसारी, नगर अध्यक्ष अनस आलम, बीरबल महतो, सिमडेगा प्रखण्ड सचिव मिन्हाज राजन,,जाफर खान,नारायण मांझी, संदीप मिंज,बिपिन कुल्लू, ओस्कर डांग, मिनहाज राजन, बीरेंद्र बड़ा, किशोर केरकेट्टा,संजय सिंह ,हाफिज अमानुल्लाह, मोङ्क आशिफ खान, मिन्हाज अलम, मो इकबाल , शशि सिमोन बड़ा,दिवाकर प्रसाद,आदि नेताओं एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चैनपुर के लीगीर पाठ गांव में दोहरे हत्याकांड की वारदात

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र के लीगिर पाठ में एक दर्दनाक दोहरे हत्याकांड की घटना सामने आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

लीगिर पाठ निवासी जातरी मुंडा ने पुलिस को बताया कि उसके पिता सुखदेव मुंडा (55) व बुधराम मुंडा (22) की हत्या गांव के ही छोटू मुंडा (23) ने की है। आवेदन में बताया है कि शुक्रवार को सुखदेव मुंडा, बुधवार मुंडा व छोटे मुंडा शुक्रवार को गांव जंगल की ओर पिकनिक मनाने गए थे। सभी ने साथ में शराब पी थी इसी दौरान किसी बात पर तीनो में कहा-सुनी हो गई, जिसके बाद छोटू मुंडा ने लाठी से हमला कर दोनों को जख्मी कर दिया। इस घटना में सुखदेव मुंडा और बुधराम मुंडा की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने दबी आवाज में यह भी बताया है कि शुक्रवार को गांव में हुए फुटबॉल मैच के बाद सुखदेव मुंडा, बुधराम मुंडा और छोटू मुंडा पिकनिक मनाने गए थे। वहां तीनों में किसी बात को लेकर काफी कहा-सुनी हुई और हल्की हाथापाई भी हुई थी। इसके बाद तीनों ने साथ में शराब पी और प्लानिंग के तहत छोटू मुंडा और बुधराम मुंडा ने सुखदेव मुंडा को गांव से दूर ले जाकर लाठी से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी छोटू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और जांच कर रही है कि इस हत्या के पीछे क्या कारण था। चैनपुर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में आए दिन हत्या जैसी मामले देखने को मिलती रहती है। मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध शराब की बिक्री हो रही है अधिकांश युवा वर्ग नशे के चपेट में आ रहे हैं छोटी-छोटी बातों में हत्या जैसी घटनाएं आम हो चुकी है।

# 80 वर्षीय बुजुर्ग मां को कलयुगी पुत्र ने घर से दूर ले जाकर छोड़ा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित बेहरा टोली नदी किनारे, एक 80 वर्षीय बुजुर्ग वृद्ध महिला को चार बजे अपराहन से लेकर देर संध्या तक सड़क किनारे बैठे देख , ग्रामीणों में उत्सुकता जागी और उक्त लोग उक्त वृद्ध महिला के पास पहूंचकर ग्रामीणों ने पुछा मां आप लगातार कई घंटे से इस सड़क किनारे क्यों बैठे हुए हैं , और अब तो रात होने जा रही हैं , तब उक्त बुजुर्ग महिला ने बताया की मैं सिसई थाना क्षेत्र के छारदा ग्राम निवासी करियो देवी हैं, मेरा बेटा लालमन गोप मुझे टेंपो से लेकर यहां तक लाया और मुझे छोड़कर न जाने कहां चला गया है , और मेरा आंख भी नहीं दिखाई देता हैं और यह कौन सा जगह है , मुझे पता नहीं हैं , और पूछने पर उक्त वृद्ध महिला ने बताया कि मेरे घर में मेरा बेटा लालमन गोप , मेरी बहू और मेरा एक भतीजा हैं , जो अमीन का काम करता है, बाद में लोगों ने उन्हें खाना खिलाया , पानी पिलाया और आश्रय दिया गया हैं और उक्त घटना की जानकारी गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई, ताकि पुलिस उक्त वृद्ध महिला को अपने संरक्षण में लेकर उक्त महिला को सुरक्षित उसके घर तक पहूंचकर उनके बेटे , बहू और भतीजा , को समझा-बुझाकर उक्त 80 वर्षीय बुजुर्ग वृद्ध महिला करियो देवी को सम्मान पूर्वक उन्हें उनके घर में रखा जाये और उन्हें किस परिस्थिति में और क्यों ऑटो (टेंपो) से लेजाकर घर से दूर अंजन स्थान पर वह भी सड़क किनारे छोड़कर भाग गया कलयुगी पुत्र लालमन गोप अपनी जन्मदात्री मां करियो देवी को , अपना ही पुत्र अपने ही माता के साथ दगा किया और अपनी मां जो 80 वर्षीय बुजुर्ग वृद्ध और आंखों से लाचार मां जिन्हें आंख से दिखाई भी नहीं पड़ता है , फिर भी सब कुछ जानते समझते हुए भी कलयुगी पुत्र ने अपनी जन्मदात्री मां को सड़क किनारे भूखे प्यासे , अनजान क्षेत्र में ले जाकर और छोड़कर एक साजिश के तहत उक्त घटनास्थल से भागने में सफल रहा , यह किस साजिश और षड्यंत्र का हिस्सा है और इसका रहस्य क्या है , इसका खुलासा होना जरूरी हैं प्रॉपर्टी का मामला तो नहीं ।

# 24 घंटे के अंदर पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला में आत्महत्या या आत्महत्या करने का प्रयास का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा हैं, जिसमें प्रेम प्रसंग, अभिभावकों द्वारा आधुनिक निजी जीवन में ताक-झांक विशेष कर युवक और युवतियों पर नजर रखना, घरेलू विवाद, गुमला पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां भी मानते हैं की *नशा और नशेड़ी* ही अपराध की जननी हैं जिसे हर हाल में रोकना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा, गुमला जिला मुख्यालय स्थित गुमला सदर अस्पताल में मात्र 24 घन्टें में पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास, शनिवार को गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के रंगोला ग्राम निवासी 45 वर्षीय बिरशु सिंह तथा हंसदोन ग्राम निवासी 60 वर्षीय वृद्ध सीताराम गोप परिवारिक घरेलू विवाद और टेंशन को लेकर कितना पदार्थ पीकर आत्महत्या का किया प्रयास, गुमला सदर थाना स्थित गढ़सारू ग्राम निवासी एक 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने परिजनों और विभव को द्वारा डांट फटकार मिलने पर उर्वक खाद खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास , गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के गुनिया ग्राम निवासी 22 वर्षीय दीपिका कुमारी ने घरेलू विवाद को लेकर कीटनाशक पदार्थ खाक आत्महत्या का की प्रयास , तक गुमला सदर थाना क्षेत्र निवासी के किस वर्षीय युवक संदीप पुराने ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में पड़कर और सोशल मीडिया पर लाइव कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या करने का किया प्रयास लाइव वीडियो देख रहे दोस्तों ने बचाई जान समय पर आनन-फानन में इलाज के लियें गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों की देखरेख में उक्त सभी आत्महत्या करने वाले लोगों की जान बचाई गई, उक्त भय का माहौल बनाकर , भय दिखाकर और भय उत्पन्न कर आधुनिक युग के युवक - युवतियों द्वारा अपने माता- पिता, परिवार,परिजनों , अभिभावकों , शिक्षकों , समाजसेवियों को समय-समय पर ब्लैकमेल किया जा रहा है, और तो और उक्त भय का सिलसिला घर घर की कहानी बनती जा रही हैं,,,,, उक्त जलन समस्या को लेकर केंद्र सरकार राज्य सरकार जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न संगठनों को सचेत होना पड़े और एक ठोस निर्णय लेनी होगी ।

## धनबाद के पूर्व सैनिकों को सम्मानित करेगी कांग्रेस

**धनबाद :** धनबाद के पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए कांग्रेस 11 जून को लुबी सर्कुलर रोड स्थित विवाह भवन में जय हिंद सभा करेगी। इसमें पूर्व सैनिक और सिविल सोसाइटी के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। रविवार को धनबाद जिला कांग्रेस मुख्यालय हाउसिंग कॉलोनी में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जय हिंद सभा की तैयारी को लेकर बैठक हुई। कांग्रेस ने समारोह सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड, नगर अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से जुटने का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह जय हिंद सभा के पर्यवेक्षक अजय कुमार दुबे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

बैठक में महासचिव मदन महतो, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष रमेश जिंदल, इरफान खान चौधरी, शैलेश सिंह, संतोष राय, मनोज सिंह, दिलीप मिश्रा, दिनेश यादव आदि थे।

## नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आठ आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डाः** जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. 10 युवकों ने घटना को अंजाम दिया. वहीं मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय लड़की 6 जून को अपनी फुआ के घर शादी समारोह में गई थी. रात के वक्त जब लड़की शौच के लिए खेत की तरफ गई, तभी एक युवक ने अंधेरे का फायदा उठाकर मुंह कपड़े से बांधकर लड़की को खेत की तरफ ले गया, जहां 10 युवकों ने बारी-बारी से लड़की के साथ दुष्कर्म किया.

लड़की बदहवास हालत में अगली सुबह घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक अगले दिन गांव में पंचायत बुलाई गई और मामले को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन पीड़िता के घरवाले तैयार नहीं थे. 8 जून को पीड़िता के परिवार वालों ने सुंदरपहाड़ी थाने में 10 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. वहीं पुलिस अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव के अनुसार, पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. सभी आरोपी सिंदरी के रहने वाले हैं. उन्होंने कहा कि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा. शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है.

ज्ञात हो कि एक पखवाड़े में सामूहिक दुष्कर्म की यह दूसरी वारदात है. चंद दिनों पहले ललमटिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था. इधर, पूरे मामले पर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि घटना की सूचना मिलने का बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

## मस्ती की पाठशाला के 47 छात्रों ने हासिल की सफलता

**जमशेदपुर :** जैक 10वीं की परीक्षा में मस्ती की पाठशाला के 47 छात्रों ने सफलता हासिल की है। इन छात्रों में से 55 प्रतिशत छात्राएं हैं और सभी पहले पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं, यानी अपने परिवार में पहली बार औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने वाले। 22 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 20 ने द्वितीय और 5 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की, जिससे 100 प्रतिशत उत्तीर्ण दर दर्ज हुई।मस्ती की पाठशाला, टाटा स्टील फाउंडेशन की पहल, 2014 से बाल श्रम में फंसे बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ रही है। यह बच्चों को दो विकल्प देती है आवासीय ब्रिज कोर्स, जहां वे छात्रावास में रहते हैं और गैर-आवासीय कोर्स जिसमें वे दिन में पढ़ाई करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों ने सड़कों और झुग्गियों तक जाकर बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिक्षिका साबित्री मुर्मू ने बताया कि बच्चों में पहले शरारतें और कठिनाइयां थीं, लेकिन लगातार काउंसिलिंग से उनमें बदलाव आया। छात्र पार्थ ने बताया कि घरेलू समस्याओं के बीच शिक्षा ने उसे नया हौसला दिया।

## 12 जून के बाद आएगा मानसून, होगी सामान्य बारिश

जमशेदपुर : झारखंड में 12 जून के बाद मानसून आएगा। पहले 6 जून से मानसून आने की उम्मीद जताई जा रही थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, निम्न दबाव के क्षेत्र का रुख बदल जाने के कारण ऐसा हुआ। इस बार पिछले वर्षों की तुलना में कुछ पहले ही भारत में मानूसन आने के बाद से उम्मीद जताई जा रही थी कि छह जून तक झारखंड में भी मानसून प्रवेश कर जाएगा। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा था कि एक जून तक झारखंड में मानसून प्रवेश कर जाएगा। लेकिन अब यह तिथि आगे बढ़ गई है। भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक ने बताया कि निम्न दबाव का क्षेत्र बंग्लादेश से झारखंड की ओर आने के बजाय पूर्वोत्तर की ओर चला गया।

इससे मानसून की बारिश नहीं हुई। मानसून के लिए बंगाल की खाड़ी से हवा आनी चाहिए। उम्मीद है कि 12 जून के बाद से हवा यहां पहुंचेगी और फिर मानसून की बारिश यहां होने लगेगी। इस बार प्री मानसून की बारिश होने और लगभग समय से मानसून आने की संभावना से सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। जानकारी हो कि झारखंड में 1023 मिमी सामान्य बारिश और कोल्हान में सामान्य बारिश 11-12 सौ मिमी मानी जाती है। इस बारिश की गणना एक जून से 30 सितंबर के बीच की जाती है। किसानों को होगा लाभ मौमस विभाग के वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार प्री मानसून की बारिश और समय से मानसून आने से किसानों को काफी लाभ होगा। माना जा रहा है कि किसान बिचड़ा (पौध) तैयार कर रहे हैं। कुछ दिन में बिचड़ा तैयार हो जाएगा, तबतक मानसून की बारिश होगी और खेतों में पानी रहेगा। इससे किसान समय से धान तो लगा ही लेंगे और सिंचाई पर भी खर्च कम होगी। वहीं, फसल समय पर तैयार हो सकेगा। इसे अच्छा उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है। यानी खर्च भी कम और उत्पादन भी अच्छा। पांच दिन सताएगी गर्मी जबतक मानसून नहीं आता, तबतक गर्मी परेशान करेगी। शनिवार की सुबह से ही तेज धूप थी, जो दोपहर तक रही। लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और कुछ जगहों पर हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हुई।

# ऑपरेशन सिंदूर में घायल जवान स्वस्थ होने बाद पहुंचा धनबाद, हुआ स्वागत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो जंक्शन में बीएसएफ के जवान राजेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया. गोमो निवासी राजेश कुमार जम्मू-कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर में तैनात थे. उन्होंने ₹ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया था.

बॉर्डर पर फायरिंग में घायल हुए थे राजेश

बीएसएफ जवान राजेश कुमार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इसके बावजूद उन्होंने मोर्चा नहीं छोड़ा और पाकिस्तानी सेना की 41 पोस्ट को ध्वस्त कर दिया था. दुश्मन पर लगातार गोलियां बरसाते हुए वे अंततः गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जिसके बाद उन्हें तत्काल बीएसएफ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

लोगों ने किया जवान का भव्य स्वागत

इलाज के बाद स्वस्थ होकर राजेश कुमार रविवार की सुबह जम्मूतवी-कोलकाता




एक्सप्रेस से अपने घर गोमो लौटे. उनके आगमन पर गोमो रेलवे स्टेशन पर स्वागत के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा. आमलोगों के साथ प्रशासन और पुलिस के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया.

स्वागत समारोह में हरिहरपुर थाना पुलिस, तोपचांची सीओ डॉ. संजय कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य विकास कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, गोमो उत्तर के मुखिया प्रतिनिधि रवि सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. स्टेशन पर देशभक्ति नारों और तालियों की गूंज के बीच राजेश कुमार को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया.

डीसी ने दी जानकारी

इस संबंध में डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि गोमो के शिव मंदिर कालीपारा निवासी राधिका राग के पुत्र राजेश कुमार 120 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में तैनात हैं. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया था. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल होने के बाद भी उन्होंने पाकिस्तान की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया था. जिसमें वे घायल हो गए थे.

इसके बाद उन्हें 166 मिलिट्री अस्पताल, सतवारी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. इलाज के बाद ठीक होने जाने पर उन्हें 25 मई 2025 को डिस्चार्ज किया गया. बटालियन ने राजेश कुमार को 5 जून 2025 से 2 जुलाई 2025 तक चिकित्सकीय अवकाश दिया है.